धनबाद
बुधवार 05.03.2025
मूल्य- ₹ 2.50
वर्ष-31 अंक-14 पृष्ठ- 12
फाल्गुन शुक्ल पक्ष-6
संवत 2081

झारखण्ड से प्रकाशित सर्वाधिक लोकप्रिय दैनिक

# बिहार ऑबजर्वर



## भारत चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल में, ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया

**दुबई (ईएमएस):** रन चेज करने के शहंशाह विराट कोहली के शानदार ८४ रन की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से पराजित करके आईसीसी चैंपियनशिप ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ४९.३ ओवर में सभी विकेट खोकर २६४ रन बनाए इसके जवाब में भारत ने ४८.०१ ओवर में ६ विकेट खोकर २६७ रन बना कर शानदार जीत हासिल की। भारत की इस जीत के शिल्पकार रहे विराट कोहली जिन्होंने धैर्य और टेक्निक का परिचय देते हुए ९८ गेंद में पांच चौके की सहायता से ८४ रन बनाए। विराट कोहली ने रनिंग बिटवीन द विकेट का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। बाउंड्री की जगह एक और दो रन पर दिमाग केंद्रित किया और भारत को विजयश्री के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया।



२६५ रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरे भारत की शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही। शुभ मन गिल मात्र ८ रन बनाने के बाद बोल्ड हो गए। रोहित शर्मा भी २९ गेंद में तीन चौके और एक छक्के की सहायता से २८ रन बनाने के बाद एलबीडब्ल्यू हो गए। श्रेयस अय्यर ने विराट कोहली के साथ मिलकर संघर्ष किया और ४५ रन की पारी खेली। वहीं अक्षर पटेल ने ३० गेंद में २७ रन का योगदान दिया। हार्दिक पांड्या २४ गेंद में एक चौके और तीन छक्के लगाकर २८ रन पर आउट हुए। उधर लोकेश राहुल ने ३४ गेंद में दो चौके और दो छक्के की सहायता से ४२ रन बनाकर भारत की जीत की इबारत लिख दी। रवींद्र जडेजा २ रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने ११ गेंद शेष रहते मैच जीत लिया।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान स्टीवन स्मिथ ने ९६ गेंद में चार चौके और एक छक्के की सहायता से ७३ रन की पारी खेली। लेकिन उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड कर दिया। निचले क्रम में एलेक्स केरी ने ५७ गेंद में आठ चौके और एक छक्के की सहायता से ६१ रन की पारी खेल कर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर २६४ रन तक पहुंचने में मदद की। उधर भारतीय स्पिनर ने कमाल दिखाया और ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया दिया। हालांकि सबसे ज्यादा विकेट मोहम्मद शमी ने लिए। उन्होंने १० ओवर में तीन विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती और रविंद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले, अक्षर पटेल के एक विकेट का योगदान भी उल्लेखनीय रहा और ऑस्ट्रेलिया को भारत ने २६४ रन पर रोकने में सफलता पाई। भारत की अगली भिड़ंत फाइनल में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच विजेता से होगी।

## पश्चिमी सिंहभूम में पीएलएफआई के 2 गुटों में खूनी भिड़ंत, 2 उग्रवादियों की मौत

**रांची (एजेंसी):** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और खूंटी जिले के मुरहू सीमा क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन पीएलएफआई (पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया) के २ गुटों के बीच गोलीबारी हुई। इस घटना में २ उग्रवादियों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, फूलझरी नदी किनारे पीएलएफआई संगठन के २ गुटों के बीच आपसी विवाद के कारण गोलीबारी हुई। बताया जा रहा है कि संगठन के कुछ सदस्य नया गुट बनाने की कोशिश कर रहे थे, जिससे यह संघर्ष हुआ।



घटना की सूचना मिलते ही पश्चिमी सिंहभूम पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान पुलिस ने २ शव बरामद किए, जिनकी पहचान परवेल सांडी पूर्ति और आशिक तांती के रूप में हुई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सर्च अभियान में पुलिस को घटनास्थल से मैगजीन सहित एक देसी पिस्टल, ७.६५ एमएम की एक जिंदा गोली, १२ बोर की २ जिंदा गोलियां, ३ मोबाइल फोन, पीएलएफआई की लेवी रसीद, काले रंग का पिट्ठू बैग और ४०२ रुपये नकद मिले हैं।

वहीं बारी माइलडीह गांव परवेल सांडी पूर्ति पर बंदगांव थाने में ३ आपराधिक मामले दर्ज थे। मुरुमबुस गांव निवासी आशिक तांती उर्फ गुलटु पर बंदगांव थाने में २ मामले दर्ज थे। ▶▶ 8

## सचिवालय सेवा के 28 अधिकारियों को संयुक्त सचिव व उप सचिव में प्रोन्नति

**रांची (एजेंसी):** राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के १४-१४ अधिकारियों को क्रमश: संयुक्त सचिव और उप सचिव में प्रोन्नति दी है। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा इस संबंध में मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी।

**संयुक्त सचिव में प्रोन्नत होनेवाले अधिकारी**

वेद रत्न मोहन, ओम प्रकाश तिवारी, कौशल किशोर झा, सुदेश कुमार वर्मा, बैजू प्रसाद, मनोज कुमार, राघवेंद्र झा, विमल नंद मिश्र, भीम रविदास, सुरेश चौधरी, प्रिसिल्ला मुर्मू, रेज्युस बाढ,अनल प्रतीक मिंज और राजेश बाखला।

**उप सचिव में प्रोन्नत होनेवाले अधिकारी**

राजेंद्र चौधरी, वशीर अहमद, अश्विनी कुमार लाल दास, मनोज कुमार, कृष्ण कुमार, राजीव रंजन तिवारी, विपीन कुमार, राजीव कुमार, सुशील कुमार,मिथिलेश कुमार नीरज, मदन मोहन झा, शिव कुमार चौधरी, घनश्याम प्रसाद, घनश्याम प्रसाद सिंह।

## आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (ईएमएस):** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का कहना है कि जहां तक आंतरिक सुरक्षा का प्रश्न है, उसके समक्ष हमें आतंकवाद, अलगाववाद, वामपंथी, सांप्रदायिक तनाव, घुसपैठ और संगठित अपराध जैसे खतरे देखने को मिल रहे हैं। वहीं बाहरी सुरक्षा में हमारी अपनी अलग चुनौतियां हैं। वर्तमान में साइबर और स्पेस आधारित चुनौतियां हमारे सामने आ रही हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आंतरिक और बाहरी सुरक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।



रक्षा मंत्री सिंह के मुताबिक, डीआरडीओ मूलत: दो प्रकार की तकनीकी प्रणालियों पर कार्य करता है। एक ओर यह हमारी सेनाओं यानी आर्मी, नेवी और एयर फोर्स द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले बड़े प्लेटफार्म की तकनीक तैयार करता है। वहीं दूसरी ओर डीआरडीओ ऐसी प्रणालियां भी विकसित कर रहा है जिनका इस्तेमाल दूसरी सुरक्षा एजेंसियों द्वारा भी किया जा सकता है। इस श्रेणी में छोटे हथियार, बुलेट प्रूफ जैकेट, संचार के उपकरण, सर्विलांस उपकरण, ड्रोन और एंटी ड्रोन टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा, आजादी के बाद से भारत, चूंकि आर्थिक रूप से उतना समृद्ध नहीं था, इसकारण हमारा अधिकांश ध्यान अपनी मूलभूत जरूरतों पर टिका रहता था। अब इस नजरिये को दुर्भाग्यपूर्ण ही कह सकते हैं कि हम आपदाओं पर और उसके प्रभाव पर उतना ध्यान नहीं देते थे। हम आपदाओं और उनसे होने वाले जान-माल के नुकसान को अपनी नियति मान लेते थे। लेकिन अब स्थिति ऐसी नहीं है। उन्होंने कहा, आज भारत समृद्ध हो रहा है। आज हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में भी तकनीक की भूमिका बढ़ रही है। आप लोगों ▶▶ 8

## सड़क दुर्घटना में घायलों को अब मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज : नितिन गडकरी

### कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु



**नई दिल्ली (ईएमएस):** सड़क दुर्घटना में घायलों को इसी माह से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम निजी हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम १९८८ की धारा १६२ में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते ५ महीनों में पुडूचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों ▶▶ 8



PR 347805 (Labour Employment and Traning) 24-25
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार

# अलगअलग सड़क हादसे में तीन घायल

**कतरास (ससे) :** मंगलवार की दोपहर में राजगंज बोकारो एनएच मार्ग पर गौशाला पुल के





समीप एक के बाद एक दो सड़क दुर्घटना घटी। वहीं गुहीबांध और सूर्य मंदिर के पास दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं हुई।
राजगंज बोकारो मुख्य मार्ग में विपरीत दिशा से आ रही दो मोटर साइकिल आमनेसामने से भिड़े जिसमें एक बाइक में दो युवक बिट्टू हजारी एवं शुभम हजारी कतरास टीलाटांड़ के रहने वाले हैं एवं एक बाइक में एक वृद्ध आदमी जो गिरिडीह के निवासी कारू सवार थे, तीनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एक निजी अस्पताल में लाया गया, वही पर राजू नायक नामक एक व्यक्ति जो अपनी पत्नी को बरवाड्डा से परीक्षा दिलाकर कर अपने घर तेनुघाट जा रहे थे उनको एक अज्ञात चार पहिया वाहन पीछे से ठोकर मार दी जिससे बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। ,जिन्हें स्थानीय लोगों ने एक निजी अस्पताल लाया गया, वहीं सूर्य मंदिर के पास एक मोटरसाइकिल एवं टोटो की भिड़ंत होने से एक व्यक्ति घायल हो गया।
चौथा दुर्घटना गुहीबांध में देखने को मिला जहां एक बाइक में अचानक कुत्ता घुस जाने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस पहुंच कर जानकारी ली।

## उपायुक्त ने की मुख्यमंत्री उज्जवल योजना की समीक्षा



**धनबाद (कासं) :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यमंत्री उज्ज्वल झारखंड योजना की समीक्षा की। इस क्रम में विद्युत अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप ने बताया कि योजना के तहत विद्युत वितरण क्षेत्र के नवीनीकरण (आरडीएसएस) को लेकर पहले १५२ गांव और टोले में विद्युत सुदृढ़ीकरण करना था।

सर्वे करने के बाद अतिरिक्त ३३१ स्थलों को विद्युत सुदृढ़ीकरण करने के लिए शामिल किया गया है। समीक्षा के बाद उपायुक्त ने प्रत्येक स्थल का भौतिक सत्यापन करने, कार्य में तेजी लाने तथा योजना के संबंध में जनप्रतिनिधियों के सुझाव प्राप्त करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त माधवी मिश्रा, विद्युत अधीक्षण अभियंता एसके कश्यप, मुख्यालय के कार्यपालक अभियंता प्रदीप विश्वकर्मा, भास्कर लकड़ा के अलावा निरसा, गोविंदपुर व झरिया के कार्यपालक अभियंता मौजूद थे।

# होली में अश्लील गाना बजाने पर होगी कार्रवाई



**पुटकी (ससे) :** पुटकी थाना में मंगलवार को होली को लेकर शांति समिति व पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक वक्कार हुसैन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से पुटकी अंचला अधिकारी विकास आनंद उपस्थित थे। पुटकी थाना क्षेत्र के करकेन्द्र, गोपालीचक, लोयाबाद कोक प्लांट, श्रीनगर, पुटकी बाजार आदि क्षेत्रों से आये गणमान्य सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के समस्यायों से थाना प्रभारी को आवगत कराया। अवैध शराबबंदी, लहरिया बाईकर्स पर लगाम, विशेष पेट्रोलिंग आदि पर चर्चा किया गया। सीओं ने उपस्थित सभी गणमान्यजनों को होली त्योहार की अग्रम शुभकामनाएं दी। उन्होंने शांति पूर्ण तरीके से त्यौहार मनाने का अपील किये। थाना प्रभारी ने सभी का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का त्यहार सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाएँ, टोला मुहल्ले में डीजे पर अश्लील गाना न बजाएं। अफवाह फैलाने वालों की तत्काल सूचना पुलिस को दे। शराब बेचने पर पूरी तरह से पाबन्दी रहेगी।

उच्च न्यायालय के गाईड लाईन का पालन करते हुए डीजे न बजाएं, पकड़ जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाऐगी। हर संवेदनशील जगहों पर पुलिस की तैनाती रहेगी एवं लहेरिया बाइकर्स पर रोक रहेगी। साथ ही हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। होलिका दहन एवं होली के दिन विशेष गश्ती रहेगी। उस दौरान जो भी हुड़दंगी करते पकड़े जाएंगे वैसे तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाऐगी। उन्होंने अभिभावकों से अपने अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही शांति समिति के सदस्यों को अपनेअपने क्षेत्र में तत्पर रहने का अपील किये। मौके पर बी एन सिंह, अमित सिंह, तपेश्वर पासवान, माडा के मो जाकिर, सुंदरी देवी, लक्ष्मण तिवारी, हीरा शर्मा, मो. मूर्तजा, शहारूक खान, निरंजन शर्मा, जयप्रकाश पासवान, मुकेश पासवान, रवि सिन्हा, रंजीत सिंह, सुबोध सिंह, अक्षेबर प्रसाद, नरेश भारती, जीतु पासवान, राजु अंसारी आदि उपस्थित थे।

## हिंदी साहित्य परिषद का रंग बरसे होली कार्यक्रम 7 को




धनबाद (कासं) : मंगलवार को हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित किया गया, जिसमें ट्रस्ट के सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि हिंदी साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट ७ मार्च की शाम ६.३० बजे से शहर के इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स संगठन जोड़ाफाटक रोड में रंग बरसे होली के रंग हास्य कवियों के संग मनाने जा रही है। जिसमें देश के दो नामचीन हास्य कवि शंभू शिखर व चेतन चर्चित अपने हास्य रंग की कविताओं से शहरवासियों को सराबोर करेंगे। कार्यक्रम शाम ७ बजे से शुरू होकर रात्रि ९ बजे तक चलेगा। इस कार्यक्रम में साहित्य विकास परिषद के सभी सदस्य सादर आमंत्रित है। संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद ने बताया कि विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी सशक्तिकरण का सम्मान करते हुए शहर की कुछ प्रमुख महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में परिषद के सदस्य व शहर के सभी गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। साथ ही राकेश शर्मा ने बताया कि ५ अप्रैल से साहित्य विकास परिषद ट्रस्ट झारखंड के इतिहास में पहली बार साहित्य चौपाल का शुभारंभ करने जा रही है। जिसमें ग्राम एवं पंचायत स्तर पर युवाओं को जागरूक करने का कार्य करेगी। इसके साथ ही झारखंड के कहानीकारों की कहानी संग्रह साहित्य ग्रंथ भाग२ का भी लोकार्पण करेंगी। प्रेस वार्ता में संस्था के अध्यक्ष संजय आनंद, सचिव राकेश शर्मा, परिषद के सीताराम सिंह व संजय तिवारी आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**धनबाद (कासं) :** केंद्रीय पेट्रोकेमिकल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) के साथ अभिसारिता कार्यक्रम के तहत भारत कोकिंग कोल लिमिटेड धनबाद द्वारा प्रायोजित नि:शुल्क ६ माह के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन अवसर पर केंद्रीय पेट्रोकेमिकल अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची द्वारा प्रमाणपत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान से मशीन ऑपरेटर-प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग और मशीन ऑपरेटरइंजेक्शन मोल्डिंग ट्रेड में सफलतापूर्वक ट्रेनिंग पूरी करने वाले ८० छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में बीसीसीएल और सिपेट के कई वरीय अधिकारी शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से बीसीसीएल से महाप्रबंधक (सीएसआर) कुमार मनोज, प्रबंधक (कार्मिक) नीलान्जना चक्रवर्ती तथा सिपेट के अधिकारी कार्यक्रम में वर्चुअली और व्यक्तिगत रूप से सम्मिलित हुए। प्रायोजित कोर्सेज के लिए नामांकित कुल २०० प्रशिक्षणार्थियों के प्रथम बैच के ८० छात्रों को प्रमाणपत्र के साथ नियोजन के प्रस्ताव भी प्राप्त हुआ। छात्रों ने प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग जैसी विधाओं में ट्रेनिंग को सफलतापूर्वक पूरा किया है।

इस अवसर पर सिपेट के निदेशक ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें अपने कौशल का उपयोग कर देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों ने छात्रों की मेहनत और समर्पण की सराहना की और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए तथा बीसीसीएल और सिपेट के प्रति इस कोर्सेज को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए अपना आभार व्यक्त किया।

# रामकनाली ओपी में शांति समिति की बैठक



**कतरास (ससे) :** रामकनाली ओपी में मंगलवार को होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता रामकनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार रवि ने की जबकि संचालन राजेंद्र प्रसाद राजा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए रामकनाली ओपी प्रभारी संतोष कुमार रवि ने कहा कि होली और रमजान एक साथ है। आपसी भाईचारा के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी।

श्री रवि ने कहा जो लोग नमाज अदा करने जा रहे हैं उन्हें इसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसका ख्याल रखें। अफवाह से दूर रहने की अपील की। जहां कहीं भी शांति भंग होने कि आशंका हो तो इसकी सूचना मुझे तुरंत मेरे मोबाइल पर दें। कानून को हाथ में लेने की किसी को इजाजत नहीं है। डीजे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। मौके पर पूर्व पार्षद छोटू सिंह, मुखिया सुरेश महतो, भगवान यादव, अजय महतो, समीर मंडल, साधु चरण मंडल, कंचन महतो, पंकज कुमार वर्मा, मो. वसीम, मो. लुकमान खान, माणिक महतो, निरंजन महतो, विनोद भुईयां, कालीचरण रजक आदि उपस्थित थे।

# परिजनों ने की नौकरी व मुआवजा की मांग



**कतरास (ससे) :** जोगीडीह कोलियरी में मंगलवार को बीसीसीएल कर्मी मंथन बाउरी का शव रखकर परिजनों ने नौकरी और मुआवजा की मांग की। इस पर बीसीसीएल के अधिकारियों, यूनियन के पदाधिकारियों और परिजनों के बीच एक त्रिपक्षीय वार्ता हुई, जिसमें सभी मांगों को मान लिया गया। मृतक के परिजनों को तत्काल प्रोविजनल प्लेसमेंट देने की बात सुनिश्चित की गई।
घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि बीसीसीएल के क्षेत्र संख्या ३ के जोगीडीह कोलियरी में कार्यरत मंथन बाउरी २६ फरवरी को प्रथम पाली में काम करने के बाद अचानक बीमार हो गए। उनकी तबीयत बिगड़ने पर वह छुट्टी लेकर घर लौटे, लेकिन स्थिति और गंभीर होने पर परिजनों ने उन्हें केंद्रीय अस्पताल धनबाद में भर्ती कराया। इलाज के दौरान, बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें दुर्गापुर के मिशन अस्पताल भेजने की सलाह दी गई, जहां २ मार्च को मंथन बाउरी की मृत्यु हो गई।

इस घटना के बाद, ४ मार्च को परिजन मंथन बाउरी का शव लेकर जोगीडीह कोलियरी पहुंचे और नौकरी तथा मुआवजे की मांग करने लगे। कुछ ही घंटों बाद यूनियन के अधिकारियों, बीसीसीएल के अधिकारियों और परिजनों के बीच वार्ता हुई, जिसमें सभी मांगों को स्वीकार किया गया और मृतक के परिजनों को तत्काल प्रोविजनल प्लेसमेंट देने की बात तय की गई।

यूनियन नेता रामाशीष यादव ने बताया, जैसे ही हमें मंथन बाउरी की मृत्यु की सूचना मिली। हम यूनियन के सदस्य यहाँ पहुंचे और बीसीसीएल प्रबंधन से वार्ता की, जो पूरी तरह सफल रही। वहीं, परियोजना पदाधिकारी एस के दत्ता ने कहा, यह त्रिपक्षीय वार्ता थी, जिसमें हम लोगों ने मृतक के परिवार को तत्काल प्रोविजनल प्लेसमेंट देने की बात कही। इसके साथ ही, मृतक के परिजनों को सभी लाभ दिए जाएंगे। इस घटनाक्रम के बाद, मृतक मंथन बाउरी के परिवार को राहत मिली और उनकी मांगें पूरी हुई।

## प्रदूषण के खिलाफ धनबाद में प्रदर्शन करेगा सीटू



**जोड़ापोखर (ससे) :** मंगलवार को बिहार कोलियारी कामगार यूनियन (सीटू) कि भौंरा क्षेत्रीय कार्यालय में एरिया कमिटी की एक अहम सांगठनिक बैठक रंजीत यादव की अध्यक्षता में हुई, जिसमे केन्द्रीय सचिव दिलीप चक्रवर्ती, एरिया संगठन सचिव शिव बालक पासवान उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम सचिव मोतीलाल हेम्ब्रम ने कामकाज का लिखित रिपोर्ट पेश किया। रिपोर्ट पर साथियों ने ठोस फैसला लिया। चर्चा के दरम्यिान भौंरा के ग्रामीण की समस्या की चर्चा की गई। इसके लिए एक कमिटी बनाने का फैसला लिया गया। वर्ष २०२५ का अधिक से अधिक सदस्य बनना और आगामी ११ मार्च को सीटू जिला आह्वान पर, जल-जंगल जमीन और अपने दरों की रक्षा के लिए विस्थापन और प्रदूषण के खिलाफ धनबाद मुख्यालय पर प्रदर्शन में यूनियन की ओर से भागीदारी करनी है। २३ मार्च को शहीद भगत सिंह का शहादत दिवस मनाना। २९ मार्च को अमलाबाद में कामरेड उदय शेखर कोकिल राजवार का पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया गया।

हरेक दो माह में एरिया कमिटी की बैठक, पदाधिकारी सदस्य की बैठक सप्ताह में की जाएगी। कोयला मजदूर तथा आम जनता के मुद्दों को लेकर, प्रदूषण एवं विस्थापन पर्यावरण के मुद्दे पर भौंरा महाप्रबंधक कार्यालय पर होली के बाद प्रदर्शन करने सहित यूनियन को मजबूती प्रदान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदीप कुमार, कन्हाई महतो, पुरुषोत्तम महतो, मो. असलम अंसारी दिलीप ओझा, बसंत शेखर, मोती लाल मुर्मू, संतोष कुमार, गौतम पत्रा, सहदेव मांझी, गेंदू रजक, सुदामय शेखर सुनील हेम्ब्रम, काशीनाथ रजवार आदि उपस्थित थे।

# धैया के फ्लैट ओनर्स ने की बिल्डर की शिकायत



**धनबाद (कासं) :** एडीएम लॉ एण्ड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें धैया के एक मल्टीस्टोरी अपार्टमेंट के फ्लैट ऑनर्स ने बिल्डर की शिकायत करते हुए एडीएम को बताया कि आज सुबह बिल्डिंग के बेसमेंट में बिजली मीटर क्षेत्र में आग लग गई थी।
इस कारण वहां के २० फ्लैट में रहने वाले लगभग ७० लोग आग और धुआं में फंस गए। इसके कारण एक महिला बेहोश हो गई। एक व्यक्ति चोटिल भी हुआ।

फ्लैट ओनर्स ने बताया कि बिल्डिंग में फायर फाइटिंग सिस्टम नहीं है। आसपास के लोगों ने रेत फेंक कर आग पर काबू पाया। मीटर क्षेत्र में आग लगने के कारण बिजली कट गई है। बिल्डिंग के निवासी बिना बिजली और पानी के रह रहे हैं। जबकि कोमन एरिया का बिजली कनेक्शन बिल्डर के नाम पर है। जब बिल्डर को घटना की जानकारी देकर बिजली कनेक्शन रिस्टोर करने का अनुरोध किया तो उसने हाथ खड़े कर दिए और फोन भी रिसीव करना बंद कर दिया। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने नगर निगम को इसकी जांच करने का निर्देश दिया।

निरसा की एक महिला ने बताया कि उनके पिता की मृत्यु १० वर्ष पहले हो गई है। तब से उनके चाचा परिवार को प्रताड़ित करते आ रहे हैं। उनके घर की तरफ सीसीटीवी कैमरा लगाकर निचता का हनन कर रहे है। उनकी जमीन पर एक मोबाइल टॉवर भी है। जिसका एग्रीमेंट ३० सितंबर २०२४ को समाप्त हो चुका है। महिला ने सीसीटीवी कैमरा एवं मोबाइल टॉवर हटवाने की गुहार लगाई।

वहीं बाघमारा से आए व्यक्ति ने बताया कि उनकी खतियानी जमीन पर कोयला माफिया द्वारा कोयला का अवैध खनन किया जा रहा है। एक महिला ने बताया कि भेलाटांड़ बरवाअड्डा में जमीन दलाल ने उसके पिता से डेढ़ लाख रुपया लेकर सीएनटी की जमीन दिल दी।

इसके अलावा जनता दरबार में अबुआ आवास, ऑनलाइन रसीद नहीं काटने, मानसिक रूप से विक्षिप्त पति को रांची भेज कर इलाज कराने, कृषि भूमि पर कॉल डिपो खोलकर जबरन बाउंड्री वॉल बनाने, ऑनलाइन पंजी २ में अंचल कार्यालय द्वारा गलत एंट्री कर देने, ११ फीट चौड़ी आम सड़क पर दिवाल बनाकर पीडीएस दुकान का मार्ग अवरूद्ध कर देने सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

## होली मिलन शांतिपूर्ण मनाने को बैठक

**कतरास (ससे) :** आगामी होली मिलन समारोह को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अंगारपथरा में ओपी प्रभारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में स्थानीय नागरिकों, समुदाय के नेताओं, और पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में होली के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, शांति बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण उपायों पर चर्चा की गई। ओपी प्रभारी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे होली का त्योहार आपसी प्रेम, सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

शराब पीकर गाड़ी चलाने और तेज गति से वाहन चलाने पर कड़ी रोक लगाना। महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देना। अफवाहों और भड़काऊ संदेशों के फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना।

ओपी प्रभारी ने इस दौरान यह भी कहा कि पुलिस प्रशासन होली के दौरान २४ घंटे गश्त करेगा और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहेगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

मौके पर उमेश ऋषि, हुलास यादव, रामप्रवेश पासवान, जानकी यादव, कृष्णा लाल तथा योगेंद्र रजक आदि मौजूद थे।

# जगरनाथ हॉस्पिटल में अल्ट्रासाउंड सेन्टर सील

**धनबाद (कासं) :** मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देशानुसार स्तिथ जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में औचक निरीक्षण किया गया।



गठित जिला स्तरीय पीसी एण्ड पीएनडीटी जांच टीम द्वारा धनबाद जिला के स्टील गेट

जांच के दौरान पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा जगरनाथ हॉस्पिटल के अल्ट्रा स्कैन सेन्टर में अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा अल्ट्रासाउंड करते पकड़ा गया, जो पीसी एंड पीएनडीटी के नियम का उलंघन है। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिविल सर्जन एवं उपायुक्त द्वारा गठित पीसी एंड पीएनडीटी टीम द्वारा उस सेंटर और यूएसजी मशीन को सील कर दिया गया।

उपायुक्त द्वारा गठित टीम में कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, सहायक नोडल पीसी एण्ड पीएनडीटी डॉ. विकाश कुमार राणा, डॉ सुनील कुमार, डॉ राकेश इन्दर सिंह, डॉ सैम्स तबरेज आलम एवं एनजीओ से पूजा रतनाकर मौजूद थें।

## पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित



**कतरास (ससे) :** प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर पेमिया ऋषिकेश अनाथालय विद्यालय पोखरिया में जैन सिंह की धर्मपत्नी स्व. सरिता सिंह के साथ बच्चों के बीच भोजन तथा वस्त्र वितरण किया। जिसमें मुख्य रूप से संस्था के संस्थापक सदस्य मथुरा प्रसाद महतो के पुत्र दिनेश महतो, बसंत महतो, अभिषेक पाल, बाबूनाथ महतो, सुमित कुमार महतो, छोटू तिवारी, बिरु सिंह, राजेश महतो तथा टुंडी क्षेत्र के गण्यमान्य सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

डी.बी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. के लिए जोड़ाफाटक रोड, धनबाद से राजेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा मुद्रित एवं अंजना अग्रवाल द्वारा प्रकाशित. संपादक -गणेश मिश्रा. फोन -9431726337
e-mail : biharobserver@gmail.com RNI No- 58991/95. * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन एवं प्रकाशन के लिए गणेश मिश्रा जिम्मेवार होंगे एवं समस्त विवाद धनबाद न्यायालय के अधीन होंगे

# संपादकीय

## विदर्भ की क्रिकेट प्रतिभाएं अब नजरअंदाज न की जाएं?

विदर्भ भारतीय घरेलू क्रिकेट में रणजी का रण दो से अधिक बार फतह करने वाली छठी टीम बन गई. पूरे सत्र में अपराजित रहकर विदर्भ ने रविवार को केरल के खिलाफ फाइनल में पहली पारी में बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी जीती, जो उसका यह तीसरा खिताब है. विकेटकीपर बल्लेबाज अक्षय वाडकर की कमान में तजुर्बेकार और युवा खिलाड़ियों के विदर्भ के दल ने पूरे सत्र में इतना शानदार प्रदर्शन किया कि अंतरराष्ट्रीय टीम को भी उसपर रश्क हो सकता है. यश राठौड़ (960 रन), करुण नायर (863), दानिश मालेवार (783), अक्षय वाडकर (722), ध्रुव शौरे (467) ने जहां रनों की झड़ी लगा दी, वहीं हर्ष दुबे (476 रन) ने बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी में भी जलवा दिखाकर 69 विकेट लिए. आदित्य ठाकरे (28), अक्षय वखरे (27) पार्थ रेखड़े (13 विकेट) ने गेंदबाजी में कमाल दिखाकर विदर्भ को खिताबी कामयाबी दिलाई. पिछले सात वर्षों में विदर्भ ने तीन बार रणजी ट्रॉफी पर कब्जा जमाकर और एक बार उपविजेता बनकर अपनी काबिलियत का परिचय दिया. हालांकि पहले दो बार रणजी चैंपियन बनने के बावजूद विदर्भ के क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौके नहीं मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा. इस सत्र में करुण नायर और अक्षय वाडकर ने अपने बल्ले से सभी को प्रभावित किया लेकिन जिस बल्लेबाज ने अपनी तकनीक, धैर्य और कौशल से मोहित किया है वह है दानिश मालेवार. 21 साल के इस युवा खिलाड़ी में अपार संभावनाएं हैं. इस रणजी सत्र में दो शतक और छह अर्धशतक जड़ चुके दानिश में क्रिकेट के पारंपारिक प्रारुप (टेस्ट) का खिलाड़ी बनने के सारे गुण नजर आते हैं. 24 साल के यश



राठौड़ तो दानिश से एक कदम और भी आगे हैं जिनके नाम पर इस सत्र में पांच शतक और तीन अर्धशतक हैं. 30 साल के अक्षय वाडकर ने दो शतक और दो अर्धशतक जड़े हैं. खैर, वाडकर की उम्र थोड़ी ज्यादा है लेकिन मालेवार और राठौड़ तो अभी युवा हैं. इस तरह के खिलाड़ियों को अगर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मौके नहीं मिलते हैं तो कुंठा उन्हें घेर लेगी. भारतीय क्रिकेट का यदि आप गहराई से अवलोकन करते हैं तो पांच दिनी प्रारूप के लायक 'मटेरियल' कम हो रहा है. सभी टी-20 जैसे तमाशा क्रिकेट में खेलकर और फिर आईपीएल में उतरकर कुछ ही महीनों में लाखों-करोड़ों की कमाई करने के ख्वाहिशमंद हैं, लेकिन इसका असर भी अब साफ नजर आ रहा है. पिछले साल न्यूजीलैंड की टीम भारत को उसी की सरजमीं पर टेस्ट में 3-0 से धोकर चली गई. ऑस्ट्रेलिया में भी सूरत-ए-हार लगभग ऐसा ही था. टेस्ट की क्वालिटी के खिलाड़ियों की उपज अगर न हो तो हश्र ऐसा ही होगा. लिहाजा मालेवार और राठौड़ जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के रणजी में प्रदर्शन पर राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को गौर करना ही होगा. पिछले कुछदिनों से रोहित शर्मा, विराट कोहली, ऋषभ पंत के स्तर के खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में खेलने को कहा जा रहा है. इससे इन खिलाड़ियों को टेस्ट में खेलने का अभ्यास तो होगा ही, साथ ही घरेलू टीमों के खिलाड़ियों को भी उनसे कुछ सीखने का मौका मिलेगा. यह सही भी है लेकिन रणजी ट्रॉफी जैसे टेस्ट मैच तुल्य मुकाबलों में जिन खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन किया है उन्हें कैसे हाशिये पर किया जा सकता है. खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय करियर किस तरह से चौपट हो सकता है, इसका उदाहरण करुण नायर हैं जो संयोग से विदर्भ के लिए ही खेले. टेस्ट में तिहरा सैकड़ा जड़ने पर भी इस खिलाड़ी की कद्र नहीं की गई. आगे चलकर उनके हिस्से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वनवास ही आया. इस सत्र में नायर ने चार शतक और दो अर्धशतक जड़े और वह फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के लिए दरवाजा खटखटा रहे हैं. किसी भी क्रिकेटर के करियर में इस तरह का दौर न आए. उम्मीद है चयनकर्ता रणजी में विदर्भ वीरों के इस सत्र में दमदार प्रदर्शन को नजरअंदाज नहीं करेंगे और उनके साथ न्याय करेंगे.

## एकनाथ शिंदे सरकार के दौर की योजनाओं पर टेढ़ी नजर?

महाराष्ट्र विधानसभा में ठोस बहुमत मिलने के बाद राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सत्ता के गलियारे में खुलकर खेल रहे हैं. वह आगे-पीछे न देख सीधे प्रहार करने पर भरोसा कर रहे हैं. ताजा मामले में उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य विभाग के उस ठेके को रद्द कर दिया, जिसमें सभी सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और उपप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की सफाई का काम बाहरी लोगों को दिया गया था. इसके ठेके में पुणे की एक निजी कंपनी को सालाना 638 करोड़ और तीन साल के लिए कुल 3,190 करोड़ रु. दिए जाने थे.इससे पहले, पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का राज्य परिवहन (एसटी) महामंडल के लिए 1310 बसों के अनुबंध का निर्णय रद्द किया गया था. इस मामले में पूर्ववर्ती शिंदे सरकार पर कुछ खास ठेकेदारों के लिए निविदा प्रक्रिया में बदलाव का आरोप लगा था और जिसमें महामंडल को कम से कम 2000 करोड़ रु. के नुकसान की आशंका थी. इसी प्रकार मराठवाड़ा के जालना में राज्य सरकार ने सिटी एंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (सिडको) के माध्यम से खारपुड़ी में एक आवास परियोजना की योजना बनाई थी, जिसे बाद में अव्यावहारिक मान रद्द कर दिया गया था, लेकिन वर्ष 2022-23 में शिंदे सरकार ने परियोजना को पुनर्जीवित कर उसे व्यवहार्य मान लिया था. बाद में उसे भी मंजूरी मिल गई थी. इन्हीं के साथ मुख्यमंत्री फडणवीस ने मंत्रियों के 'ओएसडी' और निजी सचिव के मामले में भेजे गए 125 नामों में से 109 नामों को मंजूरी दी, लेकिन 16 नामों को रोक भी दिया, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि वह किसी 'दलाल' को यह जिम्मेदारी नहीं देंगे. अब चर्चा तो यहां तक है कि आने वाले दिनों में कई और निर्णय रद्द किए जा सकते हैं. यह भी सच है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिंदे ने जिस दबंगई के साथ राज्य सरकार को चलाया, उसमें कुछ गैरफायदा लेने के प्रयास अवश्य हुए होंगे. इसलिए यदि नई सरकार को स्वच्छ प्रशासन देना है तो पुराने गलत फैसलों पर सख्त रुख अपनाने से झिझकना नहीं होगा. किसी निविदा में नियमों का उल्लंघन या अन्य किसी तरह की अनियमितता सामने आने पर होने वाली कार्रवाई का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए.भले ही जिन नेताओं के माध्यम से फैसले लिए गए होंगे, उन्हें कुछ समय के लिए नई सरकार की कार्रवाई अच्छी न लगे, परंतु राज्य के हित में किसी निर्णय से किसी का भी दुराभाव नहीं होना चाहिए. यह भी तय है कि 'लाड़ली बहन' जैसी अनेक योजनाओं के निर्णय जल्दबाजी में लिए गए, जिसका गैरफायदा भी लोगों ने उठाया. अब यदि उसमें सुधार किया जा रहा है तो उसका स्वागत ही होना चाहिए. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए राज्य का सरकारी खजाना मजबूत होना चाहिए. नई सरकार ने तत्काल इस दिशा में कदम उठाया है, जिसके पीछे कारण स्पष्ट हैं. इसलिए इसे छिपी राजनीति के रूप में देखना राज्य हित में नहीं है. गलतियों और गड़बड़ियों पर टेढ़ी नजर निरंकुश व्यवहार को कहीं थामने के लिए आवश्यक भी होती है.

## आज का कार्टून




# यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने देश के साथ क्या किया!

यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है। वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे। देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

**नीरज कुमार दुबे**

जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्ट्रपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान जेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी? इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी। इस दौरान जेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं? जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है। जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए जेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा कि जेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि जेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता। ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उन पर लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी कार्रवाई से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता था। हम आपको यह भी बता दें कि इस तीखी बहस को पूरी दुनिया में लोगों ने देखा।

इस बहस से माहौल इतना गर्म हो गया था कि ट्रंप ने अपने दो शीर्ष सहयोगियों को जेलेंस्की को यह बताने का निर्देश दिया कि अब उनके जाने का समय हो गया है। ऐसा तब हुआ जब वेटर वहां आये प्रतिनिधिमंडलों को दोपहर का भोजन परोसने की तैयारी कर रहे थे। एक अधिकारी ने



बताया कि वार्ता जारी रखने की जेलेंस्की की इच्छा के बावजूद यूक्रेनियन प्रतिनिधिमंडल को वहां से चले जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही यूक्रेन और अमेरिका खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने में भी विफल रहे। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि ट्रम्प को फिलहाल खनिज सौदे पर दोबारा विचार करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की 'व्हाइट हाउस' से चले गए। हालांकि इस बहस ने अमेरिका और यूरोप के बीच उभरी गहरी दरार को उजागर कर दिया है। हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप ने वार्ता के दौरान जेलेंस्की को स्टूपिड भी कह दिया था। इससे पहले भी ट्रंप जेलेंस्की को तानाशाह बता चुके हैं।

उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ कहासुनी के बाद व्हाइट हाउस से रवाना होने के बाद यूक्रेन के समर्थन के लिए ट्रंप और अमेरिका का आभार व्यक्त किया। व्हाइट हाउस से प्रस्थान के कुछ ही मिनट बाद, जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अमेरिका, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों का धन्यवाद। यूक्रेन को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की आवश्यकता है, और हम बस उसी के लिए काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर, ट्रंप और जेलेंस्की के बीच 'ओवल ऑफिस' में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेन के यूरोपीय साझेदारों और दुनिया के अलग-अलग देशों के नेताओं ने जहां जेलेंस्की का समर्थन किया तो वहीं दूसरी ओर 'व्हाइट हाउस' ट्रंप के साथ खड़ा दिखाई दिया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर लिखा, आपने जो गरिमा दिखाई, उसने यूक्रेन के लोगों की बहादुरी को दर्शाया है। मजबूत, बहादुर और निडर बने रहें, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए आपके साथ काम करते रहेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर लिखा, ''एक हमलावर है- रूस। एक पीड़ित है- यूक्रेन। हमारा तीन साल पहले यूक्रेन की मदद करना और रूस पर प्रतिबंध लगाना सही था- और ऐसा करते रहना सही भी है। मैक्रों ने कहा, हमारे से मेरा तात्पर्य अमेरिकी, यूरोपीय, कनाडाई, जापानी और कई अन्य से है। उन्होंने कहा, उन सभी का आभार जिन्होंने मदद की और कर रहे हैं। उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं जो शुरू से ही लड़ रहे हैं - क्योंकि वे अपनी गरिमा, अपनी स्वतंत्रता, अपने बच्चों और यूरोप की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं।वहीं ट्रंप की करीबी सहयोगी मानी जाने वाली इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि वे कूटनीति को पुनः पटरी पर लाने के लिए यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच शिखर सम्मेलन का आह्वान करेंगी। उन्होंने एक बयान में कहा, अमेरिका, यूरोपीय देशों और सहयोगियों के बीच तत्काल एक शिखर सम्मेलन आयोजित किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें इस बारे में खुलकर बात की जाए कि हम आज की बड़ी चुनौतियों से कैसे निपटना चाहते हैं। इसकी शुरुआत यूक्रेन से हो, जिसका हमने हाल के वर्षों में मिलकर बचाव किया है। जर्मनी के अगले संभावित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने 'एक्स' पर लिखा, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की, हम अच्छे और मुश्किल समय में यूक्रेन के साथ खड़े हैं।

हमें इस भयानक युद्ध में कभी हमलावर और पीड़ित को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए। एस्टोनिया के प्रधानमंत्री क्रिस्टन मिशल ने कहा कि उनका देश स्वतंत्रता की लड़ाई में जेलेंस्की और यूक्रेन के साथ एकजुट है। इसके अलावा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटरी ओर्पो, लात्विया के राष्ट्रपति एडगर्स रिंकेविक्स, लग्जमबर्ग के प्रधानमंत्री लुक फ्रीडेन, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने यूक्रेन और जेलेंस्की के प्रति समर्थन जताया है। दूसरी ओर, 'व्हाइट हाउस' ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस की अमेरिका फर्स्ट स्ट्रेंथ को समर्थन मिल रहा है। ट्रंप और वेंस ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका का फायदा नहीं उठाने दिया जाएगा। कैबिनेट और पूरे देश के सांसद यह भावना जाहिर कर चुके हैं। बयान में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और गृह सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम समेत कई सांसदों के उद्धरण शामिल हैं। बयान में रुबियो ने कहा, अमेरिका के लिए इस तरह खड़े होने के लिए राष्ट्रपति का आभार। पहले कभी किसी राष्ट्रपति ने ऐसा करने का साहस नहीं किया। अमेरिका को सबसे पहले रखने के लिए आपका धन्यवाद। अमेरिका आपके साथ है! नोएम ने कहा, मुझे हमारे कमांडर-इन-चीफ (ट्रंप) पर बहुत गर्व है। अमेरिका के लिए खड़े होने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस को धन्यवाद। हम अमेरिका का अनादर बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालांकि अमेरिकी संसद के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आज राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। कृष्णमूर्ति ने कहा कि अमेरिकी लोग यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े हैं, भले ही ट्रंप व्लादिमीर पुतिन और रूस के साथ खड़े हों।

# 68 वर्षीय शशि थरूर ने सवाल तो वाजिब पूछा है?

थरूर यदि इतने धाकड़ तरीके से बात करते हैं तो इसका कारण उनकी जमीनी पकड़ है. तिरुवनंतपुरम संसदीय सीट पर मोदी लहर में भी उनकी जीत यह बताती है कि मतदाताओं पर उनकी पूरी पकड़ है. वे चाहते हैं कि अगले साल केरल विधानसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में कांग्रेस लड़े. वे जीत सुनिश्चित करना चाहते हैं लेकिन पार्टी को फिक्र कहां है? मैं तो बस यही सोच रहा हूं कि जो कांग्रेस देश की धड़कन हुआ करती थी वह तमिलनाडु में 58 साल, पश्चिम बंगाल में 48 साल, केरल में 41 साल, उत्तरप्रदेश में 36 साल, बिहार में 35 साल, गुजरात में 30 साल और ओडिशा में 25 साल से सत्ता में नहीं आई! दिल्ली में पार्टी का सफाया हो गया है. पंजाब में सत्ता से दूर है. महाराष्ट्र में कांग्रेस की धज्जियां उड़ चुकी हैं. इस पार्टी को आखिर हो क्या गया है? यही सवाल करोड़ों कार्यकर्ता भी सोच रहे हैं. लेकिन क्या शिखर नेतृत्व भी कभी इस बारे में सोचता है? इस सवाल का जवाब बड़ा मुश्किल है!

**विजय दर्डा**

युवाओं के हृदय पर राज करने वाले 68 वर्षीय शशि थरूर इन दिनों क्या कांग्रेस से बगावत पर उतर आए हैं? मुझे ऐसा बिल्कुल नहीं लगता क्योंकि वे मेरे अच्छे दोस्त हैं और मैं उनके व्यक्तित्व को बहुत करीब से जानता हूं. शशि थरूर बेहद बेबाक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और जो सच है, उसे कहने में कभी नहीं हिचकते. उनका व्यक्तित्व इतना प्रभावशाली है कि हर राजनीतिक दल उन्हें अपने पास रखना चाहेगा, सभी दलों में वे लोकप्रिय हैं. इसके बावजूद यदि वे कांग्रेस में बने हुए हैं तो इसका कारण कांग्रेस की मूल नीतियों के प्रति उनकी समझ है. सच कहने को बगावत कतई नहीं कहा जा सकता! कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए शशि थरूर खड़े हुए तब उनका उद्देश्य युवाओं को आकर्षित करके पार्टी में नई ऊर्जा का संचार करना था. बहुत से लोग आज भी यह महसूस करते हैं कि थरूर यदि अध्यक्ष बने होते तो कांग्रेस की स्थिति निश्चय ही बिल्कुल अलग होती. थरूर के बहुआयामी व्यक्तित्व के बारे में हम सब अच्छी तरह से जानते हैं. वे भीड़ में भी अलग काबिलियत रखते हैं. इसके बावजूद यदि उन्हें लग रहा है कि पार्टी उनका सदुपयोग नहीं करती है और अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने के बाद उन्हें हाशिये पर डाल दिया गया है तो यह कांग्रेस के लिए ज्यादा घाटे की बात है. मुझे यह



कहने में कोई संकोच नहीं है कि कांग्रेस के भीतर शशि थरूर के कद का कोई नेता मौजूद नहीं है.

वे देश की नब्ज पहचानते हैं तो दुनिया की नब्ज भी उनसे अछूती नहीं है. उनकी खासियत यह भी है कि वे इतने विद्वान होने के बावजूद अपनी काबिलियत को किसी पर थोपते नहीं हैं. उनका व्यवहार बड़ा सहज और सरल होता है. शशि थरूर को राजनीति में लाने का खयाल सबसे पहले डॉ. मनमोहन सिंह को आया था. 2009 से लगातार तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के टिकट पर सांसद चुने जाते रहे हैं.

मनमोहन सिंह मंत्रिमंडल में वे विदेश राज्य मंत्री और मानव संसाधन राज्य मंत्री थे. हालांकि उनकी योग्यता को देखते हुए उन्हें कैबिनेट पद मिलना चाहिए था. लेकिन उन्होंने कभी ऐसी मांग नहीं की. लेकिन उन्हें यह बात बहुत खलती थी कि मनमोहन सिंह को कांग्रेस का एक खेमा बहुत परेशान करने में लगा था. चापलूसी पसंद वह खेमा शशि थरूर को बर्दाश्त नहीं कर सका.

गुलाम नबी आजाद के जी-23 में भी शशि थरूर सक्रिय भागीदार थे और तब उन्होंने पार्टी लीडरशिप को लेकर महत्वपूर्ण सवाल उठाए थे. जाहिर है कि चापलूसी पसंद खेमा इस बात से भी अब तक नाराज ही चल रहा है. करीब दो सप्ताह पहले शशि थरूर ने राहुल गांधी से मुलाकात की थी. उन्होंने राहुल से कहा कि संसद में महत्वपूर्ण बहसों के दौरान उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जाता. लगातार अनदेखी की जा रही है. राहुल गांधी ने क्या जवाब दिया, यह तो पता नहीं लेकिन मुझे भी यह कभी समझ में नहीं आया कि थरूर जैसे व्यक्ति को कोई पार्टी कैसे इग्नोर कर सकती है. उनके जैसा वक्ता पास में हो तो पार्टी प्रभावी प्रदर्शन कर सकती है. 2014 से 2019 तक मल्लिकार्जुन खड़गे को और उसके बाद अधीर रंजन चौधरी को 2019 से 2024 तक संसदीय दल का नेता बनाए रखा

जबकि शशि थरूर जैसा प्रभावी प्रहार करने वाला नेता पार्टी के पास सदन में मौजूद था! याद कीजिए कि शशि थरूर ने जब ऑक्सफोर्ड में खड़े होकर ब्रिटेन द्वारा भारत की लूट-खसोट पर तथ्यों के साथ भाषण दिया तो पूरा भारत वाह-वाह कर उठा! ऐसा इसलिए कि वे तथ्यों के साथ बात करते हैं. पिछले वर्षों में कांग्रेस ने पार्टी के भीतर ढेर सारे बदलाव किए. अभी हाल ही में दो महासचिवों की नियुक्ति हुई और कई राज्यों के प्रभारी बदले गए लेकिन थरूर के लिए कोई जगह न बननी थी और न बनी! यहां तक कि जिस ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस की पूरी रचना शशि थरूर ने की थी, उसी के प्रभार से उन्हें हटा दिया गया! ताजा मामला यह है कि शशि थरूर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे को सफल बताते हुए तारीफ कर दी. उन्होंने लिखा... 'प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात के कुछ महत्वपूर्ण परिणाम देश के लोगों के लिए अच्छे हैं. मुझे लगता है कि इसमें कुछ सकारात्मक हासिल हुआ है, मैं एक भारतीय के रूप में इसकी सराहना करता हूं. इस मामले में मैंने पूरी तरह से राष्ट्रीय हित में बात की है.' केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की तारीफ वे कर ही चुके थे.

शशि थरूर ने अपने एक लेख में केरल की वामपंथी सरकार की तारीफ करते हुए लिख दिया था कि भारत के टेक्नोलॉजिकल और इंडस्ट्रियल चेंज का नेतृत्व करने के लिए केरल अच्छी स्थिति में है. इन तारीफों से कांग्रेस उबाल पर आ गई. इसी उबाल पर थरूर ने कहा कि वे कांग्रेस के साथ हैं लेकिन पार्टी को मेरी जरूरत नहीं है तो मेरे पास भी विकल्प मौजूद हैं.

थरूर यदि इतने धाकड़ तरीके से बात करते हैं तो इसका कारण उनकी जमीनी पकड़ है. तिरुवनंतपुरम संसदीय सीट पर मोदी लहर में भी उनकी जीत यह बताती है कि मतदाताओं पर उनकी पूरी पकड़ है. वे चाहते हैं कि अगले साल केरल विधानसभा का चुनाव उनके नेतृत्व में कांग्रेस लड़े. वे जीत सुनिश्चित करना चाहते हैं लेकिन पार्टी को फिक्र कहां है? मैं तो बस यही सोच रहा हूं कि जो कांग्रेस देश की धड़कन हुआ करती थी वह तमिलनाडु में 58 साल, पश्चिम बंगाल में 48 साल, केरल में 41 साल, उत्तरप्रदेश में 36 साल, बिहार में 35 साल, गुजरात में 30 साल और ओडिशा में 25 साल से सत्ता में नहीं आई! दिल्ली में पार्टी का सफाया हो गया है. पंजाब में सत्ता से दूर है. महाराष्ट्र में कांग्रेस की धज्जियां उड़ चुकी हैं. इस पार्टी को आखिर हो क्या गया है? यही सवाल करोड़ों कार्यकर्ता भी सोच रहे हैं. लेकिन क्या शिखर नेतृत्व भी कभी इस बारे में सोचता है? इस सवाल का जवाब बड़ा मुश्किल है!

# खराब पड़ें चापाकलों की सूची करें एकत्र

**बोकारो (ससे):** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष से उपायुक्त विजया जाधव ने वीडियो संवाद (वीसी) के माध्यम से गर्मी के मौसम में आमजनों को पेयजल संकट नहीं हो। इसके लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अपर नगर आयुक्त चास, प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि के साथ बैठक किया। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग चास/तेनुघाट के कार्यपालक अभियंता राम प्रवेश राम, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।



समीक्षा क्रम में उपायुक्त* ने सभी बीडीओ को स्थानीय स्तर पर सभी जल सहियाओं के साथ बैठक करके क्षेत्र अंतर्गत खराब पड़े चापाकलों/सोलर जल मिनार/लघु जल मिनार आदि की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने ०३ दिनों के अंदर इस सूची को तैयार करने को कहा। साथ ही, पेयजल विभाग से लगाएं गए चापाकलों, जल जीवन मिशन के माध्यम से अधिष्ठापित जल मीनार, सिंगल विलेज जलापूर्ति योजना की मरम्मत कार्य को पेयजल विभाग द्वारा कराएं। उन्होंने विभाग के कनीय अभियंता के साथ नियमित बैठक करने को कहा। वहीं, शेष योजनाओं द्वारा अधिष्ठापित चापाकल/जलापूर्ति योजना की मरम्मती पंचायती राज विभाग द्वारा १५ वें. वित्त आयोग के द्वारा आवंटित राशि के ३० फीसदी पानी मद से खर्च कर सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी मो. सफीक आलम को विभिन्न पंचायतों के मुखिया से इस दिशा में अविलंब कार्य शुरू करने को समन्वय करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) को भी अपने स्तर से सभी मुखियाओं के साथ बैठक कर कार्ययोजना की रूप रेखा तैयार कर जल्दी मरम्मत कार्य को शुरू करने को कहा।

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड अंतर्गत संचालित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बस स्टैंड के शौचालय, विभिन्न हाट - बजार के शौचालय आदि की मरम्मती भी जिला पंचायती राज विभाग मुखिया के माध्यम से १५ वें. वित्त आयोग के ३० फीसदी स्वच्छता मद से मरम्मती कार्य करने का निर्देश दिया। ताकि आमजनों/स्कूली बच्चों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो।

इस दौरान अबुआ आवास योजना* के तहत भवन निर्माण के साथ ही शौचालय निर्माण कराने के कार्य को भी गति देने का उपायुक्त ने सभी बीडीओ को निर्देश दिया। कहा कि लाभुक को प्रेरित करें कि वह घर बनाने के साथ ही शौचालय का निर्माण कार्य पूरा करें। शौचालय निर्माण होने के बाद उन्हें शौचालय का १२ हजार रूपए उपलब्ध कराया जाएगा।

वीडियो संवाद में उपायुक्त ने आगामी ०८,०९ मार्च को सभी प्रखंडों में हेमोग्लोबीन जांच शिविर, विशेष राजस्व शिविर, रिक्त पड़ें आंगनबाड़ी केंद्रों के सेविका - सहायिका चयन को लेकर ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने, एमडीएम की जांच करने आदि का दिशा - निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने होली पर्व को देखते हुए सभी बीडीओ को अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने, संबंधित थाना प्रभारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा




**बोकारो (ससे):** बोकारो स्टील प्लांट के गैस यूटिलिटी विभाग में ०४ मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस २०२५ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना निवारण पर विशेष जोर देते हुए सुरक्षा मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) विनीत कुमार शर्मा ने किया. इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम - सुरक्षा और कल्याण: विकसित भारत के लिए अनिवार्य के अनुरूप, इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना, दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रोत्साहित करना और उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्रों में समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना था. सुरक्षा मार्च के दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए। कर्मचारियों ने सुरक्षा नारों के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित खतरों, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) श्री विनीत कुमार शर्मा ने औद्योगिक संचालन में सक्रिय सुरक्षा उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। सहायक महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स, जीयू) श्री कृष्ण चंद्र पात्र ने विभाग में सुरक्षा प्रोटोकॉल के निरंतर उन्नयन और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया। सहायक प्रबंधक (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग) श्री विराट चौधरी ने कार्यस्थल पर जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण के महत्व को रेखांकित किया.

इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (जीयू) श्री एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा, प्रबंधक (जीयू) श्री अमन कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक (जीयू) श्री मनीष स्नेही सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया.

# हाइड्रॉलिक ट्रेनिंग किट का प्रशिक्षण कार्यक्रम




**बोकारो (ससे):** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में हाइड्रॉलिक ट्रेनिंग किट की कमीशनिंग एवं पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. कार्यक्रम में बोकारो स्टील प्लांट के विभिन्न विभागों के १६ अधिशासी प्रशिक्षणार्थी के रूप में सम्मिलित हो रहे हैं. हाइड्रॉलिक ट्रैनिंग किट की कमीशनिंग एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम मेसर्स रेक्सरॉथ के विशेषज्ञ और अनुभवी फ़ैकल्टी श्री अनुभव जैन तथा सुश्री पूर्वी के सहयोग से किया जा रहा है. कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स एवं अतिरिक्त प्रभार अनुरक्षण) श्री जे वी शेखर तथा महा प्रबन्धक (ज्ञानार्जन एवं विकास) डी आर टोप्पो उपस्थित थे.

सर्वप्रथम श्री जय नारायण यादव, प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी. मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स एवं अतिरिक्त प्रभार अनुरक्षण) श्री जे वी शेखर ने सभी प्रतिभगियो से इस कार्यक्रम को अन्तः क्रियात्मक बनाकर अधिकतम ज्ञान अर्जित करने तथा अपने अर्जित ज्ञान को विभाग के लोगों के साथ साझा करने का अनुरोध किया. कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री जय नारायण यादव प्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) ने किया. कार्यक्रम के आयोजन मे ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के वरीय ओपरेटिव श्री नवनीत कुमार सिंह तथा ओ सी टी टी श्री भीम प्रसाद का सराहनीय योगदान रहा. बीएसएल कर्मी एवं उनके आश्रितों को भी अपनी कला प्रदर्शित करने का मौका विभाग द्वारा बीएसएल कर्मचारियों व उनके आश्रितों (कर्मचारी के माता-पिता, पति अथवा पत्नी एवं बच्चे) को उनकी कला प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया जा रहा है, वैसे बीएसएल कर्मी एवं उनके आश्रित जो पेंटिंग, क्राफ्ट, बोनसाई या किसी अन्य कला में निपुण हैं, वो बसंत मेला में अपनी रचनाओं को प्रदर्शित कर सकते हैं, बशर्ते यह स्वयं उनके द्वारा बनाई गई कलाकृतियां हों (बाजार से खरीदी नहीं). ऐसे केवल २० कृतियों के लिए मेला में मंच प्रदान की जाएगी जो पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा. इच्छुक बीएसएल कर्मी या उनके आश्रित रजिस्ट्रेशन हेतु अपनी कृति की तस्वीर, उसका विवरण और अपना अपनी व्यक्तिगत जानकारी ६ मार्च तक ईमेल आईडी पर भेज सकते हैं. अगर प्रविष्टियां २० से अधिक होती हैं, तो संपर्क एवं प्रशासन विभाग अंतिम चयन करेगा. अधिक जानकारी के लिए मोबाइल संख्या ८९८६८७५३५७ पर संपर्क करें.

भूतपूर्व कर्मियों को ११ माह के पर्क्स एरियर भुगतान के लिए पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों की बीएसएल द्वारा जाँच कर अग्रेतर कार्यवाई की जा रही है. दिनाँक ३ मार्च तक उक्त पोर्टल में १६२१ भूतपूर्व कर्मियों के आवेदन प्राप्त हो चुके हैं जिनकी जाँच की जा रही है. जाँचोपरांत आवेदनों को वित्त एवं लेखा विभाग को भुगतान हेतु अग्रसारित कर दिया जाएगा. जाँचोपरांत यदि किसी कारणवश प्राप्त आवेदन को भुगतान हेतु अग्रसारित नहीं किया गया हो तो इसके कारणों का उल्लेख करते हुए उसे री-सेट किया जाएगा. यद्धपि आवेदनों की जाँच युद्धस्तर पर जारी है, इसमें थोड़ा वक्त लगेगा.

# ईएसआईसी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो (ससे):** बीएसएल के मानव संसाधन विभाग, ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ द्वारा सीओ एंड सीसी विभाग में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के ७४वें स्थापना दिवस के अवसर पर विशेष सेवा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर श्री अनिल कुमार, शाखा प्रबंधक ईएसआईसी बोकारो, डॉ. रणधीर कुमार, बीमा चिकित्सा अधिकारी, ईएसआईसी और श्री देव कुमार शर्मा उपस्थित थे,

जिन्होंने ईएसआईसी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और ईएसआईसी से संबंधित समस्या के समाधान के लिए ठेका श्रमिकों के साथ विस्तृत संवाद किया. कार्यक्रम में सीओ एंड सीसी, सिंटर प्लांट, आरएमएचपी और आरएमपी विभाग के लगभग ७५ ठेका श्रमिकों ने भाग लिया. कार्यक्रम में संबंधित विभागों के विभागीय सुरक्षा अधिकारी और मानव संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे. कार्यक्रम को मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनन्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एस पी) पीताम्बर चौधरी, महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष (सीओ एवं सीसी) पी एस कुमार तथा महाप्रबंधक (आरएमपी) श्री मुकेश कुमार सिंह के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. ठेका प्रकोष्ठ की महाप्रबंधक श्रीमती प्रांजलि के मार्गदर्शन में सुश्री प्रिया टोप्पो, उप प्रबंधक (सीएलसी) और श्री राजेश पूर्ति, कनीय प्रबंधक (सीएलसी) ने कार्यक्रम के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई.

# भीड़ नियंत्रण के लिए एनडीएमए के गाइड लाइन का करें अनुपालन

**बोकारो (ससे):** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देशानुसार समाहरणालय स्थित सभागार में अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने आगामी २७ मर्च २०२५ से सेक्टर ०४ स्थित मजदूर मैदान में प्रस्तावित राजन महाराज द्वारा रामकथा कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर संबंधित आयोजन समिति के सदस्यों के साथ बैठक किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढांडा, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, मुख्यालय डीएसपी अनिमेश गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

अपर समाहर्ता ने आयोजित समिति को बड़े आयोजन - भीड़ नियंत्रण को लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट आथोरिटी (एनडीएमए) द्वारा जारी दिशा - निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इस दिशा में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जारी दिशा-निर्देश के क्रम में जो चेकलिस्ट दिया गया है उसे चेक करते हुए अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

बैठक के क्रम में आयोजन समिति सदस्यों से तैयारियों, श्रद्धालुओं की भीड़, जर्मन हैंगर, प्रवेश निकासी, वोलेंटियर की संख्या, मेडिकल टीम, एबुलेंस आदि के संबंध में जानकारी ली। इस क्रम में पदाधिकारियों द्वारा जरूरी दिशा - निर्देश दिया गया। आयोजन समिति को मोबाइल टायलेट यूनिट, ईमरजेंसी आफरेशन सेंटर, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी, वोलेंटियर ड्रेस कोर्ड आदि के संबंध में जरूरी निर्देश दिया। पदाधिकारियों ने तैयारी शुरू होने टीम द्वारा स्थल निरीक्षण करने की बात कहीं गई।

# कांग्रेसियों ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात

**डुमरी (ससे) :** युवा कांग्रेस डुमरी विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो



मंगलवार को रांची में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मुलाकात कर डुमरी क्षेत्र व्याप्त स्वास्थ्य कुव्यवस्था एवं प्रखण्ड में नियम विरूद्ध संचालित अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों तथा निजी अस्पतालों व नर्सिंग होम पर अंकुश लगाने पर चर्चा की साथ ही सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों,संसाधनों एवं दवाई की उपलब्धता को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। वहीं इस दौरान मंत्री के साथ अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की। इस दौरान कांग्रेस गिरिडीह जिला उपाध्यक्ष महेश प्रसाद भगत, सुभाष पंडित,करीम बख्श,उर्मिला देवी,रबीन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने छिनतई के आरोपी को भेजा जेल

**डुमरी (ससे) :** निमियाघाट पुलिस ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि ३ मार्च की दोपहर में रांगामाटी के पास रेलवे गेट के नजदीक अन्डरपास से बैंक ऑफ इंडिया इसरी बाजार शाखा से अपना पेंशन का रूपया निकाल कर घर वापस लौट रहे रेलवे से सेवानिवृत हुए एक व्यक्ति से २०,००० रूपया को दो व्यक्तियों के द्वारा छिनतई कर भागा जा रहा था,




पीड़ित के द्वारा शोर मचाने एवं हल्ला करने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उसी समय थाना गश्ती दल भी वहां पहुंच गया।जिसके सहयोग से छिनतई करने वाला एक व्यक्ति को पीड़ित से छीनतई की गई राशि के साथ पकड़ लिया गया। पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम तालिब अंसारी पिता मुस्लिम अंसारी ग्राम श्यामडीह थाना कतरास बताया।उसके साथ आये हुए उसके सहयोगी पास के जंगल का लाभ उठाकर भाग गया। पकड़ाये व्यक्ति से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह टेम्पु (जेएच-१०सीडब्लू-५३९७) लेकर आया है।टेम्पू को जब्त किया गया है।पकड़ाये व्यक्ति ने पूछताछ के क्रम में बताया कि इस क्षेत्र में पूर्व में भी चेन छिनतई एवं पैसा छिनतई की घटना को अंजाम दे चुका है।

# मुखिया ने विभिन्न विद्यालयों का किया निरीक्षण

**डुमरी (ससे) :** मधगोपाली पंचायत के मुखिया जागेश्वर महतो ने मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरागढ़हा एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुधपनिया का निरीक्षण करके पठन पाठन की जानकारी लेते हुए शिक्षकों को अध्यापन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतने एवं बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने व मेन्यु के अनुसार भोजन देने को कहा। वहीं इस दौरान मुखिया ने बच्चों के बीच प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन किया और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चे को पुरस्कृत भी किया।मुखिया ने सभी बच्चों से पोशाक में नियमित विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। मुखिया ने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा धन है।कहा कि हम शिक्षा के द्वारा अपने हर लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

# अखाड़ों के बीच स्नान का क्रम तय करना हैं : सीएम योगी

**लखनऊ (ईएमएस) :** प्रयागराज महाकुंभ का शानदार समापन हो चुका है। महाकुंभ खत्म होने के बाद सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, भगदड़ की घटना २९ जनवरी की रात सवा एक बजे से डेढ़ बजे के बीच हुई थी। तब मेला क्षेत्र में करीब ४ करोड़ लोगों की भीड़ थी। जैसे ही भगदड़ हुई उसके १५ मिनट के भीतर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। सीएम ने कहा, 'जिस शहर की क्षमता २५ लाख लोगों की हो, वहां ढ़ाई से ३ करोड़ लोग आए। प्रशासन ने बगल के जिले में पार्किंग एरिया में २ लाख से ज्यादा वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था की थी। आसपास के सभी जिलों में हम लोगों ने २ करोड़ लोगों को रोक के रखा था। घटना के बाद सभी अखाड़ों से मैंने अनुरोध किया कि स्नान को स्थगित करना पड़ेगा। तब प्रयागराज सिटी और मेला क्षेत्र में ८ करोड़ लोग मौजूद थे। हमारी सरकार ने घटना को प्रचारित नहीं होने दिया, क्योंकि इससे वहां पैनिक का माहौल बन जाता।

सीएम योगी ने कहा, अखाड़ों के बीच स्नान का क्रम तय करना, जिससे एतिहासिक रूप से विवाद होते रहते हैं और यह सुनिश्चित करना की अनुष्ठान सुबह चार बजे निर्धारित समय पर सुचारू रूप से संपन्न हो जाए। त्रासदी के बावजूद सभी अखाड़े स्नान के लिए तैयार थे। लेकिन प्रशासन ने कार्यक्रम को स्थगित करने के लिए हस्तक्षेप किया। मैंने व्यक्तिगत रूप से संतों से स्थिति को संभालने के लिए अनुष्ठान को स्थगित करने का अनुरोध किया।

# 90 घंटे काम करने की सलाह देना अव्यवहारिक : अखिलेश

**लखनऊ (ईएमएस):** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बड़ा बयान दिया, जिसमें उन्होंने ९० घंटे काम करने की सलाह को अव्यवहारिक बताया। उन्होंने कहा कि आज जो लोग युवाओं को यह सलाह दे रहे हैं, उन्हें दिल पर हाथ रखकर सोचना चाहिए कि वह खुद युवा थे तो क्यों नहीं किया।

उनका मानना है कि मनोरंजन और फ़िल्म उद्योग भी अरबों रुपए इकोनॉमी में जोड़ता है और लोगों को रिफ्रेश्ड, रिवाइव्ड और री-एनर्जाइज़्ड फ़ील कराता है। अखिलेश यादव ने कहा, वर्क और लाइफ़ का बैलेंस ही मानसिक रूप से एक स्वस्थ वातावरण बना सकता है, जहां युवा क्रिएटिव और प्रॉडक्टिव होकर समाज और दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं।

# कृतिका कुमारी ने जीता राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप

**बोकारो (ससे) :** वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने १४वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-१५ राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त करके एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट २३ से २९ मार्च, २०२५ तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा।



सियालजोरी गांव की १४ वर्षीय कक्षा ९ की छात्रा कृतिका ने २३ फरवरी, २०२५ को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। ट्रायल के दौरान उनकी सटीकता, निरंतरता और अटूट फोकस ने उन्हें दूसरों से अलग कर दिया, जो उनके उभरते करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। नवंबर २०२४ में, उन्होंने ६८वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धियों की बढ़ती सूची उनके समर्पण और वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग का प्रमाण है। कृतिका मिनी अंडर-१५ राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, वह अपनी अकादमी, अपने गाँव और राज्य की उम्मीदों को लेकर चल रही हैं। उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सपने हकीकत में बदल सकते हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए वेदांत ईएसएल के सीएसआर प्रमुख श्री कुणाल दरिपा ने कहा, हमें कृतिका की उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, और वह हमारी वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की एक बेहतरीन तीरंदाज हैं। वेदांता ईएसएल में, हम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चमकने के लिए सर्वोत्तम संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कृतिका को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनकी निरंतर सफलता की आशा करते हैं।

सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित, अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से २०२० में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से २१ वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के ५० तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण, संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है। अकादमी प्रसिद्ध पेशेवरों द्वारा संचालित की जाती है जो निम्नलिखित श्रेणियों के तहत तीन साल तक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं: अंडर ९, अंडर १४, अंडर १७ और अंडर २१

झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गाँव में स्थित, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निर्माता है। कंपनी १.५ मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट संचालित करती है, जो पिग आयरन, बिलेट्स, टीएमटी बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप सहित कई तरह के उत्पादों का उत्पादन करती है। यह प्लांट कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है और विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएँ देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाता है।

# यूपी में परीक्षा देने जा रही छात्राओं की बोलेरो पलटी, 3 की मौत

**महराजगंज,(ईएमएस):** यूपी के महराजगंज जिले में मंगलवार को जीतपुर स्थित पेट्रोल पंप के पास छात्राओं से भरी एक बोलेरो का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में तीन छात्राओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक समेत ११ गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक बोलेरो सवार छात्राएं महेश राम अशोक कुमार इंटरमीडिएट कॉलेज में बोर्ड परीक्षा देने जा रही थीं। हादसे के बाद स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे में मारी गई छात्राओं की पहचान की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो तेज रफ्तार में थी, तभी अचानक टायर फटने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस सड़क हादसे पर संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## गंगा में बढ़ी डॉल्फिन की संख्या

**लखनऊ (ईएमएस):** ताजा रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी में डॉल्फिनों की संख्या में एक बार फिर से वृद्धि हुई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में डॉल्फिनों की सबसे अधिक संख्या पाई गई है। यहां तक कि अन्य राज्यों में भी डॉल्फिनों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश में २३९७ डॉल्फिन पाए गए हैं, जबकि बिहार में २२२०, पश्चिम बंगाल में ८१५ और असम में ६३५ डॉल्फिन पाए गए हैं।


### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
### (शिक्षा शाखा)

**आमसूचना**

सत्र 2025–26 में जिले के सभी प्रखण्डों के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में बालिकाओं के नामांकन हेतु प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। नामांकन हेतु पंजीकरन ऑनलाईन माध्यम से http://transformingbokarokgbv.com पोर्टल पर किया जा सकता है, अथवा सरकारी मध्य विद्यालय से निःशुल्क आवेदन प्राप्त कर संबंधित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में दिनांक 28.02.2025 तक जमा किया जा सकता है। आवेदन हेतु अंतिम **तिथि दिनांक 07.03.2025** तक विस्तारित की जा रही है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग, अल्पसंख्यक मुस्लिम एवं गरीबी रेखा से नीचे बसर करने वाले परिवार के बालिकाओं के लिए सीटें आरक्षित है। नामांकन में छिजित, अनाथ, एकल माता–पिता, सुदुरवर्ती क्षेत्र, आदिम जनजाति समूह, बाल श्रम से प्रभावित एवं नक्सल प्रभावित परिवार/क्षेत्र के बालिकाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षण, आवासन (छात्रावास), भोजन एवं पोशाक की व्यवस्था है। विद्यालय में नामांकित सभी बालिकाओं को छात्रवृत्ति दी जाती है। विद्यालय में योग्य शिक्षिका, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलकुद की सुविधा, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, व्यवसायिक शिक्षा, कैरियर कॉउन्सेलिंग जैसी सुविधाएँ निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

जिले के सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि जरूरतमंद बालिकाओं के नामांकन हेतु उपर्युक्त अंकित पोर्टल के माध्यम से अथवा आवेदन प्रपत्र के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएँ।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, बोकारो

PR 347717 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D



### झारखण्ड शिक्षा परियोजना, बोकारो
बाई पास रोड, चास (वैभव होटल के पीछे) बोकारो- 827013

**नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय - I एवं II, बोकारो में नामांकन हेतु आवश्यक सूचना**

जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – I, सेक्टर – 2/डी, बोकारो स्टील सिटी एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय – II, कैम्प मध्य विद्यालय तेतुलिया, बारी कॉपरेटिव बोकारो में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में कक्षा 01 से 09 तक नामांकन हेतु केवल बालकों का चयन नियमानुसार प्रकिया से किया जाना है। नामांकन हेतु विद्यालयवार नामांकन सीट (रिक्ति) की विवरणी निम्नवत् है :–

| S.No | Name of School | Class | Vacant Seat | Class | Vacant Seat |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Netaji Subhash Chandra Bose Awasiya Vidyalya - I | I to VIII | 20 | IX | 31 |
| 2 | Netaji Subhash Chandra Bose Awasiya Vidyalya - II | I to VIII | 17 | IX | 32 |

**रिक्त सीटों पर निम्न कोटि के अर्हताधारी बालकों का ही नामांकन किया जाना है :–**

1. अनाथ या एकल अभिभावक वाले बच्चे।
2. नक्सली गतिविधियों में मारे गए माता – पिता के बच्चे।
3. मानव तस्करी गतिविधियों से प्रभावित बच्चे।
4. भिक्षावृति करने वाले व्यक्तियों के बच्चे।
5. खनन क्षेत्र में/Brick-Kilns Centre में काम करने वाले मजदूरों या अन्य बाल बच्चे।
6. होटलों/गैराजों में काम करने वाले बाल मजदूर।
7. आदिम जन–जाति बी.पी.एल. परिवार के बच्चे।
8. शहरी अभिवंचित/ Street Children/Run-away children/HIV/AIDS Children
9. प्रवास के दौरान दूसरे राज्यों में जाने वाले अभिभावकों के बच्चे या दूसरे राज्य से आने वाले प्रवासी बच्चे।
10. कोविड काल में माता/पिता की मृत्यु के बाद अनाथ बच्चे।

विद्यालय में नामांकन, शिक्षण, आवासन, भोजनादि निःशुल्क है। नामांकन के लिए जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, बी.पी.एल. कार्ड, संबंधित पंचायत के मुखिया द्वारा सत्यापन पत्र, बैंक पासबुक आदि की आवश्कता होती है। अहर्ताधारी बालकों के अभिभावक नामांकन हेतु अपना आवेदन संबंधित प्रखंड के प्रखंड संसाधन केन्द्र में दिनांक 25.03.2025 तक जमा कर सकते है। इस संबंध में विशेष जानकारी हेतु श्री भागीरथ महतो, वार्डेन NSCBAV-I मोबाईल नं0–7209451099 तथा श्री निशांत रंजन, वार्डेन NSCBAV-II मोबाईल नं0– 8864007389 पर संपर्क किया जा सकता है। संबंधित सूचना जिले के आधिकारिक वेबसाईट bokaro.nic.in पर भी उपलब्ध है।

जिला शिक्षा अधीक्षक –सह– अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, बोकारो

PR 347755 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D



### कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, धनबाद
ADD: COMBINED BUILDING, GROUND FLOUR, DHANBAD
E-Mail ID: jepcdhanbad@rediffmail.com/dhanbadssa@gmail.com/dhanbadjep@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार गतिविधि के अन्तर्गत स्वीकृत गतिविधि के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर पुस्तक मेला का आयोजन किये जाने का निदेश प्राप्त है। प्राप्त निदेश के आलोक में जिला स्तर पर दिनांक 11.03.2025 को पुस्तक मेला आयोजित की जायेगी, जिसमें राज्य स्तरीय सभी प्रकाशकों को पुस्तक मेला में भाग लेने हेतु सादर आमंत्रित किया जाता है। एतत् संबंध में इच्छुक प्रकाशक, पुस्तक मेला में भाग लेने संबंधी सूचना झारखण्ड शिक्षा परियोजना, धनबाद के ई–मेल आई0डी0– *dhanbadssa@gmail.com/dhanbadjep@gmail.com* पर दिनांक 08.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करेंगे ताकि मेला में स्टॉल आदि की व्यवस्था की जा सके। इस संबंध में आवश्यकतानुसार मोबाईल नं0–7004997658 पर जानकारी हेतु संपर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकरी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना,धनबाद

PR 347733 School Education and Literacy(24-25).D



### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो
### (विधि शाखा)

**नोटिस**

प्रेषितः–

श्री अमरेन्द्र कुमार सिंह, संवेदक,
अमृत पार्क–5, बोकारो।

दिनांक–01.03.2025 को शादी –सह– रिशेप्सन कार्यक्रम के दौरान अमृत पार्क (बोकारो समाहरणालय के समीप) में रात्रि 2:00 बजे तक तीव्र आवाज में डी0जे0 के माध्यम से गाना बजाया जा रहा था, जो माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वनि प्रदूशण के नियंत्रण के संबंध में पारित निर्देश का स्पश्ट उल्लंघन है।

आप अवगत हैं कि माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिटपिटिशन (सि0) संख्या–72/1998, फोरम फार प्रिवेन्सन ऑफ इन्वायरमेंट एण्ड साउण्ड पोल्यूसन बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य में दिये गए आदेश के आलोक में रात्रि 10.00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक सार्वजनिक स्थल पर लाउडस्पीकर बजाना वर्जित है। ध्वनि प्रदूषण अधिनियम 1951 में दिये गये नियमों के अनुसार ध्वनि–विस्तारक यंत्र की ध्वनि तीव्रता 60 डेसीबल से अधिक न होनी चाहिए, इसके बावजूद आपके द्वारा अमृत पार्क में तीव्र आवाज में डी0जी0 के माध्यम से गाना बजाया जा रहा था, जो न केवल माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश का अवमानना है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से आमजनों के स्वास्थ्य से भी खिलबाड़ किया जाना प्रतीत होता है।

निदेश है कि दिनांक–07.03.2025 को अप0: 5:30 बजे समाहरणालय स्थित अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अपना पक्ष रखना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम–2000 के निमय 4(2), 7(1), 7(2), 8(1) तथा 8(2) के प्रावधानों का दृढ़ता पूर्वक अनुपालन करते हुए आपके विरूद "Maintenance of Air Quality Standard in respect of Noise Pollution"Act के तहत दण्डनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

उपायुक्त, बोकारो।

PR.NO.347775 Law(24-25):D



e-Proccurement Cell
### ENERGY DEPARTMENT
GOVT.OF JHARKHAND
Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dhanbad

**e- Procurement cell**

Very Short E-Tender Reference No- Energy/EWD/Dhanbad/**46/2024-25**

| Sl. No | Name of work | Estimated Cost (Rs) | Tender Fee (BID Document Fee) | Bid Security (EMD Fee 2%) | Completion Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of four Nos. High Mast light in the entire campus & LED Security Light in PG Block campus of SNMMCH Dhanbad. | 35,15,315.00 | 5000.00 | 70500.00 | 10 days |
| 2 | S.I.T.C of 02 nos 16 mtr. High Mast light at Police Line, Deoghar. | 13,77,670.00 | 2500.00 | 28000.00 | 10 days |
| 3 | Provision of Security light in the campus of D.F.O. Office Sahibganj. | 10,85,306.00 | 2500.00 | 22000.00 | 10 days |
| 4 | Date of Publication of tender on website | 11.03.2025 | | | |
| 5 | Online bid submission period | From 12.03.2025 at 10:30 am to 17.03.2025 at 2:00 pm | | | |
| 6 | Technical Bid Opening Date | 18.03.2025 at 3:00 pm | | | |
| 7 | Name and address of the office inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dhanbad | | | |
| 8 | Contact no. of Procurement officer | 0326-2311382 | | | |
| 9 | Helpline number of e- Procurement cell | 0651-2490069 | | | |

Note- Only online tender will be accepted.
Any change in B.O.Q can be see on website http://jharkhandtenders.gov.in
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division, Dhanbad

PR 347767 Energy (24-25)_D


# नीतीश कुमार के साथ आने को कितना लालायित है राजद ?

**पटना (एजेंसी):** बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने हैं. चुनाव से पहले सी वोटर ने एक सर्वे किया, जिसमें लोगों ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे बेस्ट कैंडिडेट माना. हालांकि, खुद तेजस्वी के मां-बाप को इस पर विश्वास नहीं हो रहा है.



यही वजह है कि राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के यादव के बाद अब उनकी पत्नी राबड़ी देवी ने भी नीतीश कुमार को साथ आने का ऑफर दिया है.

दरअसल, बिहार के सियासी संग्राम में नीतीश कुमार ने हमेशा और हर मौके पर तेजस्वी यादव को धूल चटाई है.

लालू-राबड़ी ये बात अच्छी तरह से जानते हैं. तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का सपना देख रहे लालू-राबड़ी अब नीतीश कुमार को अपने साथ लाने की कवायद में जुटे हैं. इसी कारण से राबड़ी देवी ने एक फिर से नीतीश कुमार को साथ आने का ऑफर दिया है.

दरअसल, सोमवार को राबड़ी देवी ने विधान परिषद में एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा. राबड़ी देवी ने कहा है कि उनके पति लालू प्रसाद ने कोई गलत काम नहीं किया फिर भी उन्हें सजा दी गई. पूर्व मुख्यमंत्री ने एनडीए सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब राजनीतिक बदले की भावना से किया जा रहा है.

जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार का नाम लेते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि हम लोग कहीं भागने वाले नहीं हैं. हम लोग ना चोरी किया है. सीबीआई, ईडी, इनकम टैक्स वालों ने आजतक चोरी नहीं पकड़ा है. बिना चोरी के सजा हुआ है लालू यादव को. ईडी, सीबीआई का रोज नोटिस आता है. कल-परसो ही नोटिस आया है पूरा परिवार को.

उन्होंने कहा कि का हम लोग भागेंगे. जहां बुलाएगा, वहां जाएंगे. हम लोग भागने वाले नहीं हैं. बिहार हमारा है और हम लोग रहेंगे बिहार में ही. कहीं हम लोग जाने वाला नहीं. बाल-बच्चा का आप लोग रचना लगाते हैं. पारिवारिक रिश्ता अलग होता है, बाकी राजनीति अलग होता है. आपका देखते हैं कि जदयू और बीजेपी परिवार पर ही बोलना शुरू कर देते हैं.

जंगलराज पर राबड़ी देवी ने कहा कि जंगलराज पहले से नहीं था क्या. आजादी के समय से नहीं था पूरे देश में? आप जवाब दीजिए. इसी दौरान राबड़ी देवी ने जेडीयू के सदस्यों से कहा कि अगर वे बीजेपी का साथ छोड़ दें तो हम लोग उनके साथ आने को तैयार हैं. राबड़ी देवी के इस बयान से सियासी पारा चढ़ गया है.


### कार्यालय विद्युत कार्यपालक अभियंता
### विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।
### अतिअल्पकालिन निविदा आमत्रंण सूचना सं0 45/2024–25

1. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।
2. विभाग का नाम :– ऊर्जा विभाग
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि :– दिनांक 10.03.25 के 12:00 बजे अपराह्न तक
4. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 11.03.25 के 02:00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 11.03.25 के 02:30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विद्युत अधीक्षण अभियंता, विद्युत कार्य अंचल, राँची का कार्यालय/विद्युत कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद/जिला नियंत्रण कक्ष धनबाद।
7. निविदा खोलने का स्थान :– विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

कार्य की विवरणी :–

| क0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि रू0 | अग्रधन की राशि रू0 | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Provision of security light in the campus of DIG Office at Dumka | 4,03,537.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 2 | Provision of Security Light, Garden Light and Gate Light in the campus of Sub-Divisional Office Madhupur, Deoghar. | 6,20,066.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 3 | Provision of Garden Light and Security Light at E-Type Qtr. (Dist. Admn.) Portion Officers Colony, Bekar Bandh, Dhanbad. | 6,98,502.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 4 | Provision of Security Light in the Campus of EWD Executive Engineer Office at Dumka. | 6,04,065.00 | 1250.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 5 | Provision of Path, Garden Light and Security Light at E-Type Judicial Qtr. Portion Officers Colony, Bekar Bandh, Dhanbad. | 4,91,216.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 6 | Provision of Garden Light, Gate Light and Security Light in the campus of S.D.P.O residence at Mahagama, Godda. | 3,47,600.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |
| 7 | Provision of Security light in the campus of Jila Suchna Vigyan Office at Dumka. | 4,57,393.00 | 750.00 | 2 % of the Estimated value | 7 days |

निविदा के नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट एवं वेबसाइट www.jharkhand.gov.in पर देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, धनबाद।

PR 347771 Energy(24-25)D



### कार्यालय जिला परिषद, गिरिडीह

**बन्दोबस्ती आम सूचना (अति अल्पकालीन)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष **2025–26** (01.04.2025 से 31.03.2026 तक) के लिए गिरिडीह जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत निम्नलिखित सैरातों (परिसम्पतियों) की बन्दोवस्ती हेतु आम डाक की तिथि निम्नवत् निर्धारित की गई है।

| क0 सं0 | सैरात का नाम | डाक का स्थान | डाक की तिथि/समय | सुरक्षित जमा राशि | जमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | निरीक्षण भवन, गावां | जिला परिषद, गिरिडीह का समागार | दिनांक 20.03.2025 /11:00 बजे पूर्वाह्न | 206034.00 | 20600.00 |
| 2. | निरीक्षण भवन, धनवार | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 3. | निरीक्षण भवन, तिसरी | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 4. | निरीक्षण भवन, देवरी | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 5. | निरीक्षण भवन, जमुआ | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 6. | निरीक्षण भवन, भरकट्टा | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 7. | निरीक्षण भवन, खिजूरी | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 8. | निरीक्षण भवन, पीरटांड | | | 206035.00 | 20600.00 |
| 9. | निरीक्षण भवन, डुमरी | | | 233005.00 | 23300.00 |
| 10. | निरीक्षण भवन, सरिया | | | 206035.00 | 20600.00 |
| 11. | निरीक्षण भवन, बगोदर | | | 206035.00 | 20600.00 |
| 12. | निरीक्षण भवन, बेंगाबाद | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 13. | निरीक्षण भवन, गाण्डेय | | | 206034.00 | 20600.00 |
| 14. | विवाह भवन, बगोदर हरिहार धाम | | | 291600.00 | 29200.00 |
| 15. | गिरिडीह प्रखण्ड के डांडीडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 16. | गिरिडीह प्रखण्ड के परातडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 17. | गिरिडीह प्रखण्ड के चैताडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 18. | गिरिडीह प्रखण्ड के बक्सीडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 19. | गिरिडीह प्रखण्ड के सिरसिया पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 20. | गिरिडीह प्रखण्ड के योगीटांड़ पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 21. | सरिया प्रखण्ड के सरिया उतरी पंचायत भवन | जिला परिषद, गिरिडीह का समागार | दिनांक 20.03.2025 /11:00 बजे पूर्वाह्न | 181375.00 | 18200.00 |
| 22. | सरिया प्रखण्ड के सरिया पश्चिमी पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 23. | धनवार प्रखण्ड के उ0 धनवार पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 24. | धनवार प्रखण्ड के द0 धनवार पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 25. | गिरिडीह प्रखण्ड के सिकदारडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 26. | गिरिडीह प्रखण्ड के परसाटांड़ पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 27. | गिरिडीह प्रखण्ड के मोहनपुर पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 28. | गिरिडीह प्रखण्ड के सिहोडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 29. | गिरिडीह प्रखण्ड के पाण्डेयडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 30. | गिरिडीह प्रखण्ड के मंगरोडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 31. | गिरिडीह प्रखण्ड के हरसिंगरायडीह पंचायत भवन | | | 181375.00 | 18200.00 |
| 32. | बस पड़ाव, बगोदर | जिला परिषद, गिरिडीह का समागार | दिनांक 20.03.2025 /02:30 बजे अपराह्न | 4388400.00 | 439000.00 |
| 33. | बस पड़ाव, धनवार | | | 460050.00 | 46000.00 |
| 34. | बस पड़ाव, गावां | | | 388375.00 | 39000.00 |
| 35. | बस पड़ाव, डुमरी | | | 1626577.00 | 163000.00 |
| 36. | निरीक्षण भवन खरगडीहा अवस्थित दुकान-10 (क्रम 11 से 20 तक) | | | 27500.00 प्रति दुकान | 1000.00 प्रतिमाह |

**नोटः– डाकवक्ता के लिए कार्यालय द्वारा निर्धारित निम्न शर्तों को पूरा करना वांछनीय है।**

1. डाक में भाग लेने के पूर्व जमानत राशि का किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत डिमाण्ड ड्रॉफ्ट जो सचिव, जिला परिषद, गिरिडीह के नाम से देय हो जमा करना अनिवार्य होगा।
2. अधिकतम डाक बोलकर, एकरारनामा न कराने की स्थिति में जमानत की राशि जब्त कर ली जाएगी।
3. डाक में भाग लेने के पूर्व **पेन कार्ड, आधार कार्ड** की **(छायाप्रति)** एवं **04 (चार)** पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. बैंक ड्राफ्ट के साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो, वैध चरित्र प्रमाण पत्र, स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, पहचान पत्र एवं पैन कार्ड की छायाप्रति जमा करना आवश्यक होगा।
5. आवेदन के साथ इस आशय का शपथपत्र देना होगा कि इन्हें पूर्व से किसी भी सरकारी सैरात बन्दोबस्ती में काली सूची में दर्ज नहीं किया गया है एवं किसी भी सरकारी विभाग में (Defaulter) घोषित नहीं हुए हों।
6. पूर्व के बकायेदार बन्दोबस्तीधारी एवं उनके रिश्तेदार इस आम निलामी में भाग नहीं ले सकेंगे।
7. क्रमांक **01** से **35** तक में दर्शित निरीक्षण भवन, पंचायत भवन एवं बस पड़ाव के सफल डाकवक्ता को दिनांक **01.04.2025** से दिनांक **31.03.2026** तक के लिए संबंधित परिसम्पति संचालन हेतु हस्तगत कर एकरारनामा कर दी जाएगी। जिसमें उल्लेखित सभी शर्ते मान्य होगी।
8. बन्दोबस्ती सामान्यतः उच्चतम डाकवक्ता के साथ की जायेगी तथा क्रमांक 01 से 35 तक के लिए स्वीकृत राशि का 50% उसी दिन कार्यालय में जमा करना होगा तथा शेष राशि नवम्बर 2025 तक कार्यालय में जमा करना होगा। क्रमांक 36 के लिए प्रति दुकान जमानत राशि उसी दिन जमा करना होगा।
9. क्रमांक 36 में उल्लेखित दुकान आवंटन हेतु आवेदन पत्र जिला परिशद, गिरिडीह कार्यालय से दिनांक 17.03.2025 से 19.03.2025 तक कार्यालय अवधि में 500 (पाँच सौ) रूपये नगद/डी0डी0/सचिव जिला परिशद, गिरिडीह के नाम से देय जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। दुकान आवंटन उपरांत एकरारनामा की जाएगी। जिसमें उल्लेखित सभी शर्तें मान्य होगी।
10. विशेष परिस्थति में बिना कारण बताये क्रमांक विशेष या सभी निलामी रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।
11. इस संबंध में विशेष जानकारी हेतू प्रधान सहायक, जिला परिषद, गिरिडीह से सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह

उप विकास आयुक्त–सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, गिरिडीह

PR 347714 (Rural Development)24-25*D


## विस में भाषण के दौरान गुस्से में दिखे सीएम नीतीश



**पटना (एजेंसी):** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार को विधानसभा में काफी गुस्से में नजर आए. अपने संबोधन के दौरान उन्होंने २००५ से पहले के बिहार की स्थिति को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला. उन्होंने कहा कि २००५ से पहले राज्य में अपराध का बोलबाला था, सड़कें नहीं थीं और बिजली की स्थिति बेहद खराब थी. उन्होंने विपक्षी विधायकों से सवाल किया कि क्या आप लोग उस समय पढ़ते थे? तब समाज में विवाद की स्थिति बनी रहती थी और लोगों का बुरा हाल था.

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में हिंदू-मुस्लिम विवाद और कब्रिस्तान के मुद्दे पर भी अपनी सरकार के काम गिनाए. उन्होंने कहा कि २००५ से पहले कब्रिस्तानों को लेकर झगड़े होते थे, लेकिन उनकी सरकार ने ८००० से ज्यादा कब्रिस्तानों की घेराबंदी कराई. उन्होंने यह भी बताया कि २००६ में मुसलमानों से बात कर उनकी समस्याओं को समझा और उन्हें दूर करने के लिए ठोस कदम उठाए गए. सदन में मुख्यमंत्री के बयान के दौरान आरजेडी और बीजेपी दोनों दलों के विधायक हंगामा करते नजर आए. इस पर नीतीश कुमार ने उन्हें आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो लोग आज सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने खुद कभी बिहार के लिए कोई काम नहीं किया. उन्होंने भागलपुर दंगे का जिक्र करते हुए कहा कि जब वह सांसद थे, तब वहां के मुस्लिम समाज ने उन्हें अपनी तकलीफ बताई थी, लेकिन उस समय की सरकार ने कुछ नहीं किया.

नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी सरकार ने बिहार में बिजली, सड़क और कानून व्यवस्था में सुधार किया है. उन्होंने कहा कि २००५ के पहले बिजली की हालत इतनी खराब थी कि गांवों में उजाला तक नहीं था. उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा कि हमने जो काम किए हैं, वे जनता देख रही है, आप लोग सिर्फ हंगामा करते रहिए.

## लॉलीपॉप व झुनझुना लेकर विस पहुंचे राजद विधायक



**पटना (एजेंसी):** बिहार विधानसभा में सोमवार को वित्तीय वर्ष २०२५-२६ का बजट पेश किया गया. राज्य के वित्त मंत्री ने बजट को राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया, तो वहीं बजट के विरोध में राजद विधायक मुकेश रौशन ने विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया. मुकेश रौशन विधानसभा में झुनझुना और लॉलीपाप लेकर पहुंचे और कहा कि बिहार सरकार ने राज्य के लोगों को झुनझुना थमा दिया है और लॉलीपाप पकड़ा दिया. उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के लिए बजट में कोई ठोस प्रावधान नहीं किए गए हैं, और यह बजट केवल कागजों तक ही सीमित है. बजट राज्य की जनता, खासकर महिलाओं के लिए मायने नहीं रखता है. सरकार ने जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हो पाए.

उन्होंने आगे कहा कि बिहार की महिलाओं के लिए इस बजट में कोई ठोस उपाय नहीं किए गए. न तो उनके खातों में २५०० रुपये जमा किए गए, न ही रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई कमी की गई, न ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की गई और न ही वृद्धावस्था पेंशन राशि में वृद्धि की गई. सरकार ने महिलाओं के कल्याण के लिए जो वादे किए थे, उन्हें पूरा नहीं किया. वास्तविकता में बजट में बिहार की जनता की समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया है.

वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बजट २०२५-२६ पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इस बजट में किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है. इस साल बिहार का बजट ३ लाख १७ हजार करोड़ रुपये का है. बिहार की विकास दर १४.५ प्रतिशत रही है. हमें पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार अपने राजकोषीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से बिहार के आर्थिक विकास को गति देगी. सड़कों का चौड़ीकरण कर आवागमन की सुविधा को बेहतर किया जाएगा. युवाओं को रोजगार देने के हमारे प्रयास जारी रहेंगे.

## ट्रेन से सोने की तस्करी करते तस्कर गिरफ्तार

**बस्ती,(ईएमएस) :** ट्रेन से अवैध सोने की तस्करी करने का मामला सामने आया है। तस्कर ने पुलिस से बचने के लिए ट्रेन से तस्करी करना ज्यादा अच्छा समझा ताकि भीड़ के चलते उस पर किसी की नजर न पड़े और वह आसानी से अपने काम को अंजाम दे सके लेकिन मुखबिरी की सूचना पर जीआरपी ने लोकमान्य तिलक टर्मिनल ट्रेन की तलाशी ली तो वहां मौजूद एक शख्स पर पुलिस को शक हुआ और जांच में उसके पास से एक करोड़ २५ लाख का सोना बरामद हुआ।

# मोहन भागवत के बिहार दौरे को लेकर सियासत गरम



**पटना (एजेंसी):** बिहार विधानसभा चुनाव में अब मुश्किल से ६ महीने बचे हैं. चुनाव से पहले आरएसएस चीफ मोहन भागवत बिहार आ रहे हैं. मोहन भागवत के बिहार दौरे को लेकर सियासत गरम है. सियासी जानकारों का कहना है कि महाराष्ट्र और दिल्ली में बीजेपी को सत्ता दिलाने के बाद आरएसएस प्रमुख अब बिहार में बीजेपी के लिए बैटल ग्राउंड तैयार करने आ रहे हैं.
विपक्ष भी इससे सकते में है. हालांकि, ये जरूरी नहीं कि मोहन भागवत के बिहार दौरे से बीजेपी को फायदा ही होगा, क्योंकि संघ प्रमुख अक्सर कुछ न कुछ ऐसा बोल जाते हैं, जिन पर न केवल विवाद हो जाता है बल्कि बीजेपी की भी फजीहत होती है.

याद कीजिए २०१५ में कैसे उनके एक बयान ने पूरा विधानसभा चुनाव ही पलट दिया था और बीजेपी को विपक्ष में बैठना पड़ गया था. उस वक्त देश में मोदी लहर प्रचंड पर थी. दिल्ली को छोड़ दें तो देश के अन्य राज्यों में बिहार ने फतह हासिल कर ली थी. वहीं बिहार में नीतीश कुमार ने पहली बार लालू यादव के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ा था. विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के पक्ष में पूरा माहौल बना हुआ था. सियासी जानकारों का कहना था कि बीजेपी सत्ता हासिल कर सकती थी. लेकिन चुनाव से ठीक पहले मोहन भागवत ने आरक्षण पर एक बयान दे दिया और पूरा चुनाव बीजेपी के खिलाफ चला गया. आरएसएस प्रमुख ने उस वक्त कहा था कि देश में मौजूदा आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा की जरूरत है.

इस बयान के बाद बीजेपी को करारी हार का सामना करना पड़ा. इसके बाद बीजेपी के कई नेताओं ने हार के लिए मोहन भागवत को जिम्मेदार बताया था. बीजेपी नेताओं का कहना था कि आरक्षण पर आरएसएस प्रमुख के बयान को लालू और नीतीश ने मुद्दा बना दिया. लालू यादव अपनी हर रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संघ प्रमुख पर सीधा निशाना साधते हुए कहते थे कि अगर किसी में हिम्मत है तो वह आरक्षण खत्म करके दिखाए. लालू के इन बयानों से आरजेडी और जेडीयू गठबंधन को जबरदस्त फायदा मिला था. वहीं, बीजेपी का बिहार में बना बनाया सियासी माहौल बिगड़ गया और करारी हार का समाना करना पड़ा था.

# दिलीप जायसवाल बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष



**पटना (एजेंसी):** मनोहर लाल खट्टर ने दिलीप जायसवाल को बिहार बीजेपी के नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है. उनके नाम की घोषणा बिहार बीजेपी प्रदेश परिषद की बैठक में केंद्रीय मंत्री और चुनावी पर्यवेक्षक के तौर पर बिहार आए मनोहर लाल खट्टर ने की.
वहीं दिलीप जायसवाल बने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद कहा कि भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक दल है. मुझे अध्यक्ष का जिम्मेदारी दिया गया हैं. केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश परिषद ने जो जिम्मेदारी सौंपने का काम किया है उसको मैं चुनौती के रूप में लेता हूं. २०२५ में भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बने इसका मेरा लक्ष्य है. भारतीय जनता पार्टी के अंदर कोई पूर्व नहीं होगा कोई भूतपूर्व नहीं होगा.

दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुख्य धारा में सबको लाएंगे जिन्होंने जनसंघ से पार्टी को यहां तक लाने काम किया है उन कार्यकर्ताओं को सम्मान देंगे. मंत्री और अध्यक्ष पद में अध्यक्ष पद क्यों चुना इसका जवाब देते हुए दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुझे संगठन में काम करना अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं. वहीं मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि दिलीप जायसवाल को बधाई देता हूं.

बड़ी संख्या में कार्यकर्ता आए सबको बहुत बहुत बधाई. देश में २० प्रदेशों में एनडीए की सरकार है. पीएम मोदी को फिर से जनता ने समर्थन दिया है. संगठन पार्टी के माध्यम से देश की सेवा करनी हैं.

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि २०२५ बिहार में चुनाव का वर्ष है. हम लोग को कमर कसनी चाहिए. नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से सरकार बने यही आशा करता हूं. लोकतंत्र में जातिवाद की समस्या है केवल बिहार में नहीं है सब जगह हैं. जातिवाद से ऊपर उठकर सोचना है. ऐसा होता तो मोदी जी कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं देते. उनकी उतनी संख्या नहीं है कि उस जाति को खुश करने के लिए दिया गया. जिस चीज की आवश्यकता है मेरे विभाग से मै दूंगा मेरे विभाग में जो सहायता चाहिए मैं दूंगा.

# बिहार चुनाव में करणी सेना की एंट्री



**पटना (एजेंसी):** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल जातीय किलेबंदी करने में जुटे हैं. हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी कैबिनेट का विस्तार भी इसी समीकरण को साधने के लिए किया था. उधर राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव २०२५ लड़ने का ऐलान किया है. करणी सेना की इस घोषणा के बाद बिहार एनडीए की सांसे अटक गई हैं. दरअसल, बिहार में राजपूत समाज का अधिकांश वोट एनडीए को मिलता है. अब करणी सेना ने भी चुनावी ताल ठोंक दी है.

पूर्णिया में अपने स्थापना दिवस समारोह के दौरान पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शीला सुखदेव गोगामेड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टियां क्षत्रियों को टिकट देने में धोखा करती रही हैं. इसलिए करणी सेना बिहार चुनाव में अपने उम्मीदवार उतारेगी. उन्होंने करणी सेना हमेशा गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा में तत्पर रहती है. उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में हमारी पार्टी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी. करणी सेना के इस ऐलान से एनडीए को झटका जरूर लगेगा. वहीं राजद को भी इससे परेशानी जरूर होगी, क्योंकि प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के चलते राजद को भी अच्छी खासी संख्या में राजपूतों का वोट मिलता है.

जातिगत गणना के अनुसार, बिहार में राजपूत जाति की आबादी लगभग ३.५ प्रतिशत है. इसके बावजूद यह वोटबैंक राजनीतिक रूप से बेहद सजग नजर आता है. राजपूत समाज के वोटर कई सीटों पर जीत-हार में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं. लोकसभा चुनाव में पवन सिंह को टिकट नहीं देने पर एनडीए को राजपूतों का पूरा समर्थन नहीं मिला था. हालांकि, फिर भी प्रदेश में ६ राजपूत नेता चुनाव जीतकर सांसद बने. इनमें से ३ बीजेपी से है, जबकि जेडीयू और लोजपा-रामविलास से भी एक-एक राजपूत नेता जीता था.

# विस में तेजस्वी व सम्राट चौधरी की बीच तू-तू मैं-मैं

**पटना (एजेंसी):** बिहार विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन अजीबो गरीब स्थित देखने को मिली है. विधानसभा में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बीतच नोक झोक हो गई. तेजस्वी यादव ने इस दौरान सम्राट चौधरी पर तंज सकते हुए कहा कि भाजपा के असली विजय सिंह है सम्राट चौधरी आप नहीं है. जिसके बाद सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव को जवाब देते हुए कहा कि इनको लगता है कि मेरा ही परिवार राज करेगा यह गलतफहमी निकाल देना चाहिए. जिसके बाद विधानसभा में जमकर हंगामा देखने को मिला. बीजेपी के विधायक तेजस्वी यादव की तरफ देखकर लगातार हंगामा करते रहे.

तेजस्वी यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी आप नागपुर में रहे हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि सम्राट चौधरी की हारना तय है. इसके बाद तेजस्वी और सम्राट चौधरी में पिताजी को लेकर बहस शुरू हो गई. दोनों के बीच अपने-अपने पिता को लेकर विवाद चला. वहीं विजय चौधरी ने कहा कि तेजस्वी यादव के निशाने पर सिर्फ कांग्रेस है. तेजस्वी यादव को विजय चौधरी ने कहा कि हम जहां रहते हैं काम करते हैं और मलाई खाने का काम कुछ और लोग करते हैं वह आपसे छुपा नहीं है. इससे पहले राजद के विधायक मुकेश रौशन बजट सत्र के तीसरे दिन झुनझुना और लॉलीपॉप लेकर पहुंचे. उनका कहना था कि बिहार के लोगों को झुनझुना थमा दिया गया है. सरकार ने बजट में कुछ नहीं दिया है तो वहीं बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने कहा यह झुनझुना लेकर आए हैं तो समझ लीजिए इनका जनता में क्या हाल है. बिहार का बजट जो पेश किया गया है वह फायदे का बजट है.

# भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है : मायावती



**लखनऊ,(ईएमएस) :** यूपी की पूर्व सीएम और बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने दोनों ही सरकारों पर मुस्लिमों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुस्लिमों के साथ धार्मिक मामलों में सौतेला व्यवहार न्यायसंगत नहीं है।
उन्होंने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स पर दो पोस्ट किए। पहले पोस्ट में उन्होंने लिखा- भारत सभी धर्मों को सम्मान देने वाला धर्मनिरपेक्ष देश है। ऐसे में केंद्र व राज्य सरकारों को बिना पक्षपात के सभी धर्मों को मानने वालों के साथ एक जैसा व्यवहार करना चाहिए, किन्तु अब मुसलमानों के साथ धार्मिक मामलों में भी सौतेला रवैया किया जा रहा है, यह न्यायसंगत नहीं।

उन्होंने दूसरे पोस्ट में कहा कि सभी धर्मों के पर्व-त्योहारों आदि को लेकर पाबंदियां व छूट से संबंधित जो नियम-कानून हैं, उन्हें बिना पक्षपात एक जैसा लागू होना चाहिए, जो ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में शांति व आपसी सौहार्द बिगड़ना स्वाभाविक है, जो बहुत ज्यादा चिंता का विषय है।

सरकारें इस ओर जरूर ध्यान दें। सभी के साथ एक समान व्यवहार किया जाए।मायावती ने इससे पहले तीन मार्च को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाल दिया था। इसकी जानकारी मायावती ने सोशल मीडिया के जरिए दी थी।

उन्होंने कहा था कि आकाश को, उनके ससुर की तरह, पार्टी और मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है। एक दिन पहले ही रविवार को मायावती ने आकाश को नेशनल कोऑर्डिनेटर सहित सारे पदों से हटा दिया था।

# सपा नेता वासुदेव यादव गिरफ्तार

**लखनऊ (एजेंसी):** समाजवादी पार्टी के पूर्व एमएलसी वासुदेव यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं. वाराणसी पुलिस ने मंगलवार दोपहर प्रयागराज के जार्जटाउन इलाके में स्थित उनके आवास से उन्हें गिरफ्तार कर लिया. वासुदेव यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज है और वह लंबे समय से कोर्ट में पेश नहीं हो रहे थे. गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए जार्जटाउन थाना प्रभारी अभिषेक सिंह ने बताया कि वासुदेव यादव के खिलाफ गैर-जमानती वारंट (छइथ) जारी था. कई बार नोटिस देने के बावजूद वह अदालत में हाजिर नहीं हुए, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई. वाराणसी पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई है.



वासुदेव यादव, जो कभी शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी रहे, पर आरोप है कि उन्होंने अपनी सरकारी सेवा के दौरान करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की. विजिलेंस की जांच में यह सामने आया कि उनकी संपत्ति उनकी आधिकारिक आय से १०९% ज्यादा है. बताया जाता है कि उन्होंने यह संपत्ति खुद के नाम पर नहीं, बल्कि अपने नौकरों और करीबियों के नाम पर अर्जित की थी.

२०१७ में सरकार ने उनके खिलाफ विजिलेंस जांच के आदेश दिए थे. तीन साल चली विस्तृत जांच के बाद उनके खिलाफ पुख्ता सबूत मिले, जिसके बाद प्रयागराज में उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया. अब उनकी सभी संपत्तियों की जांच की जाएगी और आगे की कानूनी प्रक्रिया तय होगी.गिरफ्तारी के बाद से यह मामला फिर सुर्खियों में आ गया है. अब देखना होगा कि इस पर आगे क्या कार्रवाई होती है.

# यूपी में गरीबों की शादी पर मिलेंगे एक लाख




**लखनऊ (एजेंसी):** सीएम योगी ने गरीब बेटियों और विधवाओं के लिए होली से पहले बड़ा ऐलान कर उन्हें होली का उपहार दिया है. मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की राशि दोगुना करने का ऐलान किया है तो वहीं विधवा पुनर्विवाह के लिए प्रोत्साहन राशि ११ हजार और विधवाओं की बेटी के विवाह के लिए १० हजार की राशि को बढ़ाकर अब एक लाख रुपये करने का ऐलान किया है.

सामुदायिक और सामाजिक सौहार्द्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने अक्टूबर २०१७ से सामूहिक विवाह योजना शुरू की थी. इस योजना के तहत, विभिन्न समुदायों और धर्मों में प्रचलित रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह समारोह आयोजित किए जाते है.

इस योजना का एक अन्य उद्देश्य शादियों में होने वाले अनावश्यक और भव्य खर्च को समाप्त करना भी है. योजना के तहत, दुल्हन के बैंक खाते में पहले ₹५१,०००/- की राशि जमा की जाती थी जिसे बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दिया गया है. ताकि वह अपना गृहस्थ जीवन स्थापित कर सके.

इस धनराशि में विवाह के लिए आवश्यक सामग्री जैसे वस्त्र, आभूषण, बर्तन आदि का खर्चा भी शामिल है. पंजीकरण और विवाह के लिए न्यूनतम १० जोड़ों का होना आवश्यक है. सामूहिक विवाह का आयोजन शहरी निकायों (नगर पंचायत, नगर परिषद, नगर निगम), क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत स्तर पर किया जाता है. ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है और वह आयकर के दायरे में नहीं आती हैं...तो ऐसी विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह लिए भी योगी सरकार ने प्रोत्साहन राशि ११ हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है.

इस योजना का लाभ लेने के लिए नव विवाहित दंपति को विवाह से एक वर्ष के अंदर प्रार्थना पत्र जिला परिवीक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा कराना होता है. फिर जिला अधिकारी की स्वीकृति के बाद दंपति को नए ऐलान के तहत एक लाख रुपये दिये जाते हैं.

# यूपी में सपा नेता की गला रेत कर हत्या

**जौनपुर,(ईएमएस):** यूपी के जौनपुर में बाइक सवार बदमाशों ने धारदार हथियार से सोमवार देर रात समाजवादी पार्टी नेता की गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव परियावा गांव में टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। हत्या के बाद वहां लोगों में आक्रोश फैल गया। हत्या की जानकारी मिलते ही एसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र परियावां गांव के रहने वाले राजेश यादव नाटे सक्रिय सपा कार्यकर्ता थे। वह बूथ अध्यक्ष थे। सोमवार देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। उनका गला काटकर हत्या की गइ थी। किसी ने सपा नेता का शव देखा तो शोर मचाया।

सपा नेता का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को लोगों से पूछताछ चुनावी रंजिश और वर्चस्व में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सपा नेता की हत्या की सूचना मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या मौके पर पहुंचे और मीडिया से बातचीत में कहा कि मृतक राजेश यादव हमारे पार्टी का बूथ अध्यक्ष थे, जो रात में बाजार से घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने राजेश यादव की हत्या कर फरार हो गए। वहीं कानून व्यवस्था पर भी सपा जिलाध्यक्ष राकेश ने सवाल उठाए हैं। एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या की जांच शुरू कर दी गई है और टीम गठित की गई है।

जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

# यूपी विधानसभा के प्रवेश द्वार पर थूका पान मसाला



**लखनऊ,(ईएमएस):** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक अनुशासनहीन की घटना पर नाराजगी जताई है। मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला खाकर थूके जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वहां जाकर सफाई करवाई और इस अव्यवस्थित व्यवहार की भर्त्सना की।

इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महाना ने कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है, लेकिन किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि यदि भविष्य में वे किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें और विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह खुद आगे आकर स्वीकार करे, अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यूपी विधानसभा प्रदेश के २५ करोड़ नागरिकों का सम्मान और उनकी आस्था का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है।

सत्र के ९वें दिन मंगलवार को बजट पर चर्चा हुई। इससे पहले सोमवार को सदन में काफी गहमागहमी हुई थी। सपा के सदस्यों ने विश्वविद्यालयों में कार्य परिषद के चुनाव नहीं कराए जाने और कुलपतियों की नियुक्तियों में पीडीए के प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने के विरोध में सदन से वॉक-आउट कर दिया था। इसके साथ ही विधानसभा में सोमवार को चार विभागों गन्ना, सिंचाई, कृषि और एमएसएमई विभाग का बजट पास हुआ। इसके साथ ही ऊर्जा और नगर विकास विभाग का बजट पेश हुआ।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभाग के परिव्य को चुकाने और जरूरी खर्चों के लिए ९०७५ करोड़ ३ लाख ९६००० रुपए का प्रस्ताव रखा। जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने १४०३३ करोड़ ८ लाख ४७ हजार ३००० का बजट पेश किया। गन्ना विकास एवं चीनी मिले मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने ७६९ करोड़ ५ लाख ८३ हजार और लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने ३२०९ करोड़ ८४ लाख २४००० रुपये बजट पेश किया।

कटौती प्रस्तावों पर चर्चा के बाद इसे पास किया गया। इसके साथ ही नगर विकास और ऊर्जा विभाग का बजट भी पेश किया गया।

# हमारी सरकार हाईवेज, एक्सप्रेसवे इंफ्रास्ट्रक्चर पर विकास कर रही है : योगी

**लखनऊ (एजेंसी):** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को विधानसभा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर तीखे हमले करते दिखे. सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के महाकुंभ से कमाई वाले आरोपों पर सीएम योगी ने करारा जवाब दिया है.



सीएम योगी ने रामायण का उदाहरण देते हुए योगी ने कहा, श्रीराम भरत जी से कहते हैं हमको जनता से कर ऐसे लेना चाहिए जैसे सूर्य लेता है, जो जरूरत पर बादल से वर्षा भी करता है. सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि हमारी सरकार हाईवेज, एक्सप्रेसवे और इंफ्रास्ट्रक्चर पर विकास कर रही है.

सीएम योगी ने कहा कि सपा डॉ. राम मनोहर लोहिया को भी फॉलो नहीं करती. सिर्फ लोहिया का नाम लेती है. सीएम योगी ने कहा, महाकुंभ में भारत के विकास और विरासत की छाप दिखाई दी.

महाकुंभ में कोई जाति, धर्म क्षेत्र का भेदभाव नहीं दिखाई दिया. इतना ही नहीं सीएम योगी ने कहा कि सरकार संभल जैसी गलतियां को ठीक करती रहेगी. उन्होंने कहा कि जो हमारा है उसे लेकर रहेंगे. सीएम योगी ने कहा कि एक शरारत के तहत संभल के ६८ तीर्थों और १९ कूपों की निशानी मिटाने की कोशिश की गई. उसको खोजना हमारा काम था, हमने ५४ तीर्थ खोजे और १९ कूपों को भी पाया.

सीएम योगी ने कहा कि जो हमारा है, हमें मिल जाना चाहिए. इससे इतर कुछ नहीं चाहिए. सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में ३३ करोड़ महिलाएं आईं, लेकिन अपराध की एक भी घटना नहीं हुई.

आप भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं. आपने कहा कि हमारी सोच सांप्रदायिक है, लेकिन आप हमें बताएं कि हम कैसे सांप्रदायिक हो सकते हैं?. हम सबका साथ, सबका विकास की बात करते हैं. ४५ दिनों के महाकुंभ आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में छोड़ी है.

सीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन हमारे लिए अग्निपरीक्षा थी. इसमें केंद्र और राज्य सरकारें खरी उतरीं. इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की गूंज दुनिया में लंबे समय तक सुनाई देगी. ये हमारे सनातन धर्म के लिए गौरव की बात है. ये सिर्फ आध्यात्मिक उपलब्धि नहीं है बल्कि इस आयोजन से हमारी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन लाख करोड़ का लाभ होने की उम्मीद है. सीएम योगी ने कहा कि बजट साल भर का होता है ६ महीने के लिए नही, घोषणाएं होती हैं उसका क्रियान्वयन होता है.

प्रदेश में २०२४-२५ में रेवेन्यू कलेक्शन ९४ हजार करोड़ हुआ. जीएसटी रजिस्ट्रेशन में उत्तर प्रदेश नंबर १ है. स्टाम्प रजिस्ट्रेशन में २५ से २६ हजार करोड़ का कलेक्शन हो रहा है.

# हाईकोर्ट से रूफटॉप बार-रेस्टोरेंट संचालकों को राहत, रांची नगर निगम के बंदी आदेश पर लगी रोक

**रांची (एजेंसी):** झारखंड हाई कोर्ट ने रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट के दो संचालकों को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने ग्रेका किचन एवं बार और प्राणा लाउंज आरएस स्क्वेयर की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए, इनके संचालन को बंद करने के रांची नगर निगम के आदेश पर रोक लगा दी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट में दलील दी कि ये दोनों बार एवं रेस्टोरेंट जिस इमारत में स्थित हैं, उसका नक्शा रांची नगर निगम द्वारा स्वीकृत है। उन्होंने यह भी बताया कि इनका किचन और स्टोर रूम स्वीकृत



प्लान के दायरे में आते हैं, जबकि रूफटॉप पर केवल बैठने की व्यवस्था और हल्के अस्थायी ढांचे हैं। सुरक्षा मानकों की बात करें तो अग्निशमन विभाग से इन्हें नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (छजउ) प्राप्त है, साथ ही फूड सेफ्टी और बार लाइसेंस भी कानूनन लिए गए हैं।

रांची नगर निगम ने २४ फरवरी को रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट के लिए एक नया रेगुलेशन ड्राफ्ट जारी किया है, जिस पर ३० दिनों के भीतर आपत्तियां मांगी गई हैं। याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि उन्होंने म्युनिसिपल एक्ट २०११ और बिल्डिंग बायलॉज २०१६ का कोई उल्लंघन नहीं किया है, इसलिए उनके संचालन पर रोक लगाना अवैध है।

सुनवाई के दौरान नगर निगम ने निरीक्षण रिपोर्ट और फोटो कोर्ट में प्रस्तुत किए, जिनका अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने पाया कि ये दोनों रेस्टोरेंट किसी स्थायी अवैध निर्माण में शामिल नहीं हैं और तय मानकों का पालन कर रहे हैं। कोर्ट ने यह भी माना कि नगर निगम का यह आदेश संविधान के अनुच्छेद १४ और १९ का उल्लंघन करता है।

गौरतलब है कि रांची नगर निगम ने शहर में संचालित ३३ रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश जारी किया था। २२ फरवरी को अपर प्रशासक संजय कुमार की अदालत से इन संचालकों के खिलाफ अलग-अलग आदेश पारित किए गए थे। रांची नगर निगम क्षेत्र में कुल ३६ रूफटॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ अनधिकृत निर्माण को लेकर कानूनी कार्यवाही चल रही थी।

# सरहुल को लेकर प्रशासन की हाईलेवल मीटिंग केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने दिये सुझाव

**रांची (एजेंसी):** आज सरहुल पर्व को लेकर केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों के साथ पुलिस अधीक्षक रांची, राजकुमार मेहता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार एवं अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक द्वारा संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इसमें केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने कई सुझाव रखे। बैठक में केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों ने सरहुल पर्व को अच्छे से सम्पन्न कराने को लेकर कई तरह के सुझाव दिया। जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी द्वारा उनकी हर सुझाव को क्रमवार सुनते हुए सरहुल पर्व को भव्यता पूर्वक सम्पन कराने का आश्वासन दिया।



**सरहुल पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में फ़ोर्स तैनात रहेंगे**

पुलिस अधीक्षक रांची, द्वारा बैठक में केंद्रीय सरना समिति के सदस्यों को आश्वासन देते हुए कहा की इस बार सरहुल पर्व के दौरान पर्याप्त संख्या में फ़ोर्स तैनात रहेंगे। ताकि विधि-व्यवस्था की समस्या नही हो, सरना अस्थलों में बैरिकेड्स लगाए जाएंगे ताकि भीड़ को नियंत्रित और व्यवस्थित रखा जा सकें। उन्होंने उनसे विशेष रूप से कहा की आप सभी सहयोग करते हुए सरहुल पर्व को पुरे हर्षोल्लास के साथ सम्पन कराने में अपनी सहभागिता निभाए। जिला प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ी है।

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के 8 से खाते में राशि जाने शुरू हो जायेंगे

**रांची (एजेंसी):** होली से पहले झारखंड सरकार राज्य की महिलाओं को बड़ी खुशखबरी दे सकती है। दरअसल ऐसी खबर आ रही है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस यानि ८ मार्च से मंईयां सम्मान योजना की राशि ट्रांसफर कर दी जाएगी। जनवरी, फरवरी और मार्च तीनों महीने का पैसा एक साथ महिलाओं के खाते में




आएगा। दरअसल महिलाएं दो महीने से बेसब्री से इंतजार कर रही हैं कि सरकार कब तक उनके बैंक खाते में पैसा भेजेगी, हालांकि वह इंतजार अब खत्म होने वाला है। ८ मार्च से महिलाओं के खाते में पैसे भेज दिए जाएंगे।

वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने स्पष्ट किया है कि जनकल्याण की योजनाओं को संचालित करने के लिए धन की कोई कमी नहीं है। मंईयां सम्मान योजना की राशि के संबंध में उन्होंने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से पैसा नहीं जा पा रहा था। मंत्री ने सदन में भरोसा दिलाया था कि एक साथ मंईयां सम्मान योजना की राशि होली से पहले लाभुकों के खाते में चली जाएगी। बता दें कि झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने आधी आबादी को बड़ी सौगात दी है। महिलाओं के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए बजट में १३ हजार ३६३ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

# झारखंड में 103 स्कूल बिना स्टूडेंट्स के, 17 शिक्षक फिर भी तैनात

**रांची (एजेंसी):** झारखंड में १०३ ऐसे स्कूल हैं जहां एक भी छात्र नहीं है, लेकिन फिर भी १७ शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। यह जानकारी राज्य



विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक राज सिन्हा के सवाल के जवाब में शिक्षा विभाग ने दी।

राज सिन्हा ने राज्य में प्राथमिक, मध्य और माध्यमिक विद्यालयों की स्थिति को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने विशेष रूप से उन ८,३५३ स्कूलों का जिक्र किया, जहां सिर्फ एक ही शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसका असर ४.१० लाख छात्रों पर पड़ रहा है। इसके अलावा, उन्होंने १९९ स्कूलों में स्टूडेंट्स की गैरमौजूदगी के बावजूद ३९८ शिक्षकों की तैनाती पर भी सवाल किया।

शिक्षा विभाग के मुताबिक, यू-डायस (शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली) के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में ७,९३० स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई हो रही है। इनमें ३,८१,४५५ छात्र नामांकित हैं। वहीं, १०३ स्कूलों में एक भी स्टूडेंट्स नहीं हैं, लेकिन फिर भी १७ शिक्षक पदस्थापित हैं।

सरकार ने शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए कदम उठाने की बात कही। प्राथमिक स्कूलों में २६,००१ सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (गडडउ) द्वारा जारी है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में पहले से विज्ञापित १७,७८६ पदों में से १३,९२३ शिक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है। इसके अलावा, प्लस टू हाई स्कूलों में २,६१२ पीजी ट्रेंड शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। राज्य सरकार ने यह भी बताया कि जिन १०३ स्कूलों में फिलहाल कोई स्टूडेंट्स नहीं हैं, वहां नए शैक्षणिक सत्र से नामांकन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है।

# रिम्स के पीजी रेजिडेंट में स्नेहा कांता ने यूनिवर्सिटी में मारी बाजी, बनीं टॉपर

**रांची (एजेंसी):** रिम्स के विभिन्न विभागों के लिए पीजी रेजिडेंट का सोमवार को रिजल्ट प्रकाशित हुआ। इसमें फार्मोकोलॉजी की छात्रा डॉ स्नेहा कांता ने सबसे ज्यादा अंक लाकर पूरी यूनिवर्सिटी में टॉप किया है। डॉ स्नेहा कांता को ७३.२५ प्रतिशत अंक मिले हैं। डॉ स्नेहा कांता अपने विभाग में तो अव्वल रही ही हैं, पूरी यूनिवर्सिटी में भी बाजी मारी है। इस उपलब्धि के लिए डॉ कांता को दो-दो गोल्ड मेडल मिलेंगे। आपको बता दें कि डॉ कांता रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ हरेराम सिंह की पुत्री हैं। डॉ



हरेराम सिंह ने झारखंड में अपनी सेवा अवधि के दौरान राज्य के कई अस्पतालों में काम किया। अस्वस्थता के कारण डॉ सिंह ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। परिवार में विषम परिस्थितियों के बावजूद डॉ स्नेहा कांता ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

डॉ कांता ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता डॉ हरेराम सिंह को दिया है। उन्होंने कहा कि उनके पिता की यह इच्छा थी कि वह भी चिकित्सा के क्षेत्र में आएं। कहा कि बचपन से ही उनके पिता ने उन्हें चिकित्सा सेवा में आने के लिए प्रोत्साहित किया।

रांची विश्वविद्यालय द्वारा जारी पीजी रेजिडेंट के परिणाम में शिशु रोग विभाग में डॉ प्रतीक पाडेय, सर्जरी में डॉ प्रियंका, डर्मेटोलॉजी में डॉ अमन केसरी, नेत्र रोग में डॉ नेहा, रेडियोलॉजी में डॉ हर्ष कौर, चर्म रोग में डॉ हेमंत केसरी ने परचम लहराया है।

# पश्चिमी सिंहभूम में सुरक्षाबलों को मिली सफलता नक्सली कैंप से 2 आइईडी समेत कई सामान बरामद

**रांची (एजेंसी):** पश्चिमी सिंहभूम जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जिला पुलिस और सीआरपीएफ की ६०वीं बटालियन ने संयुक्त अभियान चलाकर टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी वनग्राम के पास एक नक्सली कैंप ध्वस्त कर दिया। नक्सली कैंप से २ आइईडी (प्रत्येक १० किलो), ५८



डेटोनेटर (२९ डुअल डेटोनेटर ट्यूब) और ५ बंडल कॉर्डेक्स वायर बरामद किए गए। बम निरोधक दस्ते ने सुरक्षा कारणों से सभी विस्फोटकों को मौके पर ही नष्ट कर दिया।

कैंप से एक देशी पिस्तौल, २ देशी कार्बाइन और एक देशी बोल्ट एक्शन राइफल जब्त की गई। इसके अलावा ३०३ बोर के १३ राउंड, ७.६२ एमएम के कई राउंड और एक पिस्टन रॉड भी बरामद हुए।

वहीं, ३ वॉकी-टॉकी, ६ नक्सली वर्दियां, २ बैनर और ९५ स्पाइक रॉड भी मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, भाकपा (माओवादी) का पोलित ब्यूरो सदस्य और एक करोड़ का इनामी नक्सली मिसिर बेसरा कोल्हान जंगल में छिपा हो सकता है। इसके अलावा अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो और सागेन अंगरिया जैसे नक्सली नेता भी इस क्षेत्र में सक्रिय हैं।

# झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन पर समाज के लोगों ने सरकार का जताया आभार

**रांची (एजेंसी):** झारखंड में पहली बार ढ-उ की तर्ज पर झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के गठन का निर्णय लिया गया है। वित्तीय वर्ष २०२५-२६ के बजट अभिभाषण में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने इसका उल्लेख किया है। इस निर्णय से राज्यभर के अनुसूचित जाति समाज में उत्साह का माहौल है। राज्य के सभी ५ प्रमंडलों से जुड़े अनुसूचित जाति समाज के



प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर और कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की से मुलाकात कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की और प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार ने किया।

बंधु तिर्की ने कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय अनुसूचित जाति समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। झारखंड अनुसूचित जाति परामर्शदात्री परिषद के माध्यम से समाज के आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि इस परिषद का जल्द से जल्द गठन हो और गठन के दौरान राज्य के सभी जिलों का समुचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। राज्य के दोनों मंत्रियों से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधियों में पूर्व डीएसपी रामचंद्र राम, इंद्र देवी, सोरेन राम, कौशल पासवान, गणेश रवि, पंकज कुमार, विभाष पासवान, किशोर नायक और सुमन देवी शामिल थे।

# मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय

**रांची (एजेंसी):** संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड की बैठक आज अखिल भारतीय किसान सभा कार्यालय (अल्बर्ट एक्का चौक) में पूरन महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसान विरोधी नई केंद्रीय बाजार नीति को रद्द करने, भूमि बैंक समाप्त करने, किसानों की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, गैर-मजरूआ




जमीन पर रसीद जारी न करने, झारखंड में हाथियों के आतंक, वन पट्टा, विस्थापन, सिंचाई और बड़कागांव समेत विभिन्न किसान मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि १८ मार्च को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को संयुक्त किसान मोर्चा झारखंड द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से आग्रह करेगा कि झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर किसान विरोधी नई केंद्रीय बाजार नीति को रद्द करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाए, ताकि झारखंड के किसानों को इस नीति के खतरे से बचाया जा सके। इससे पहले केरल और पंजाब विधानसभा में भी इस नीति के खिलाफ प्रस्ताव पारित किए जा चुके हैं।

इन मुद्दों को लेकर राज्यभर में प्रमंडलीय, जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर किसान महापंचायत आयोजित कर नवंबर तक व्यापक किसान आंदोलन चलाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, १६ मार्च को डेढ़ साल से जारी बड़कागांव किसान आंदोलन के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा के नेताओं का दौरा होगा।

बैठक में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय किसान सभा के उप महासचिव महेंद्र पाठक, झारखंड राज्य किसान सभा के अध्यक्ष सुफल महतो, किसान महासभा के अध्यक्ष पूरन महतो, अखिल भारतीय किसान - खेत मजदूर संगठन के अध्यक्ष मुकुद महतो, झारखंड राज्य किसान सभा के संयुक्त सचिव असिम सरकार, मदुवा कच्छप, संतोष रजक, इम्तियाज खान आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक का शेषांश

### पश्चिमी सिंहभूम में---

एसपी आशुतोष शेखर ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि यह मामला पीएलएफआई संगठन के आंतरिक विवाद से जुड़ा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और इलाके में सर्च अभियान जारी है।

### आंतरिक और बाहरी सुरक्षा---

को याद होगा कि मौसम की भविष्यवाणी करने वाले अच्छे मैकेनिज्म के आने से पहले, साइक्लोन से जान-माल की बड़ी क्षति होती थी। लेकिन टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से यह स्थिति आज काफी हद तक बदली जा चुकी है। इसी प्रकार के अच्छे कार्य डिजास्टर मैनेजमेंट के दूसरे क्षेत्रों में भी किए जा रहे हैं। आज समूचे विश्व में प्राकृतिक आपदाओं का प्रकोप देखा जा रहा है। भारत भी इस प्राकृतिक आपदाओं से अछूता नहीं है। साइक्लोन, भूकंप, हिमस्खलन, बाढ़ और बादल फटने जैसी आपदाएं हमारे देश में भी देखी जा रही हैं। अभी हाल ही में उत्तराखंड के माणा में हिमस्खलन की घटना हुई है। अनेक निर्माण श्रमिक इससे प्रभावित हुए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हिमस्खलन की आपदा में थर्मल इमेजिंग, विक्टिम लोकेशन कैमरा और ड्रोन आधारित इंटेलिजेंट डिटेक्शन सिस्टम जैसी आधुनिक तकनीक का प्रयोग हुआ। इससे होने वाले नुकसान को काफी कम करने का प्रयास हुआ। इन तकनीकों के चलते अनेक बहुमूल्य जानें बचाई जा सकीं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज पूरी दुनिया में सुरक्षा व्यवस्था काफी जटिल नजर आ रही है। इस जटिल स्थिति का प्रमुख पहलू आंतरिक और बाहरी सुरक्षा के बीच बढ़ता ओवरलैप है।

### सड़क दुर्घटना में घायलों को---

में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो कि सफल साबित हुआ है। अधिकारी ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू होगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेगा। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने १४ मार्च २०२४ को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की थी। इसके बाद ७ जनवरी २०२५ को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योजना को देशभर में अधिकारी रुप से लांच करने की घोषणा की। इस योजना के तहत देश में कहीं भी सड़क एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम १.५ लाख रुपए की मदद दी जाएगी। जिससे घायल शख्स ७ दिनों तक अस्पताल में इलाज करा सकेगा। डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में एनएचएआई काम करेगा, यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है, तब बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा। सूत्रों का कहना है कि कोशिश यह हो रही है कि डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर २ लाख रुपए तक किया जा सके।

# बजट भाषण में झारखंड निर्माता अटल जी का नाम नहीं लेना कुत्सित राजनीति:बाबूलाल मरांडी

**रांची (एजेंसी):** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज सदन में राज्य बजट चर्चा के दौरान राज्य सरकार पर खूब निशाना साधा। अपने सधे अंदाज में उन्होंने बजट को दिशाहीन अदूरदर्शी ,विकास विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार बजट भाषण में भी राजनीति कर रही। कहा कि बजट भाषण में वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा झारखंड निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का नाम नहीं लिया जाना सरकार की कुत्सित मानसिकता को उजागर करता है। कहा कि राज्य की जनता को सच्चाई पता है कि अलग झारखंड राज्य के सपने को किसने पूरा किया। आज सत्ता पक्ष में वही लोग बैठे



हैं जिनका इतिहास झारखंड आंदोलन को बेचने ,खरीदने और बदनाम करने का रहा है। कभी अपने लाश पर अलग राज्य बनने की बात करने वाले आज झारखंड की सत्ता में बैठे हैं।

उन्होंने कहा कि बजट का आकर देखने में बड़ा है लेकिन जनता तक इसकी राशि नहीं पहुंचती। सरकार का प्रबंधन विफल है। शिलान्यास के बाद भी पैसे के अभाव में संवेदक योजनाओं का काम शुरू नहीं कर पाते। पैसे का इंतजार करते करते समय निकल जाता है। कहा कि सरकार बजटीय प्रावधान केलिए कहां से पैसे लाएगी यह नहीं बता रही।गैर योजना मद में खर्च बढ़ाए गए हैं और योजना मद की राशि में भारी कटौती की गई है। अगर राज्य सरकार थोड़ी बहाली भी करती है तो गैर योजना मद में राशि और बढ़ेगी।

उन्होंने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष में सरकार का राजस्व संग्रहण अबतक मात्र ५८.८२% है और उसमें भी केंद्रीय कर की हिस्सेदारी २८.३५%है। इसी से समझा जा सकता है कि सरकार कितना विकास करना चाहती है। कहा कि राज्य सरकार लगातार जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार और भ्रम फैलती है।जबकि मोदी सरकार सभी क्षेत्रों में झारखंड को भरपूर सहायता उपलब्ध कराती है। कहा कि राज्य सरकार काम नहीं करती यह तो जनता को समझ में आता है लेकिन केंद्र सरकार पर दोषारोपण जनता समझ नहीं पाती।

उन्होंने आंकड़े देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने पिछले १० वर्षों में यूपीए की मनमोहन सरकार से कई गुना ज्यादा पैसे राज्य को दिए हैं। मनमोहन सरकार ने १० वर्षों में झारखंड को ५६हजार ९०करोड़ रुपए दिए थे जबकि २०१४से २४तक मोदी सरकार ने झारखंड को २लाख २६हजार ४सौ ४४करोड़ रुपए दिए। केंद्रीय अनुदान के रूप में मनमोहन सरकार ने झारखंड को २८हजार ५सौ नौ रुपए दिए थे जबकि मोदी सरकार ने १ लाख ०४हजार३ सौ ७३ करोड़ रुपए के अनुदान विभिन्न मद केलिए दिए हैं जो २६६% ज्यादा है।




# ऑल टाइम फेवरिट वियर है डेनिम जैकेट

**डेनिम जैकेट को कैरी करने का एक आसान और स्टाइलिश तरीका है, इसे जींस के साथ कैरी करना। यह एक ऐसा लुक है, जिसे केजुअल से लेकर आउटिंग में कैरी किया जा सकता है। आप व्हाइट या ब्लैक टी के साथ ब्लू जींस और डेनिम जैकेट पहन सकती हैं।**

डेनिम जैकेट एक ऐसा वियर है, जो ऑल टाइम फेवरिट है। किसी भी मौसम में डेनिम जैकेट को बेहद आसानी से कैरी किया जा सकता है। इस कपड़े की खासियत यह है कि आप इसे कई तरह से कैरी कर सकती हैं और हर बार एक डिफरेंट लुक पा सकती हैं। अगर आपके वार्डरोब में भी ब्लू डेनिम जैकेट है और आप उसे हर बार एक ही तरह से स्टाइल करती हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको डेनिम जैकेट को स्टाइल करने के अलग-अलग तरीकों के बारे में बता रहे हैं-

फैशन एक्सपर्ट बताते हैं कि डेनिम जैकेट को कैरी करने का एक आसान और स्टाइलिश तरीका है, इसे जींस के साथ कैरी करना। यह एक ऐसा लुक है, जिसे केजुअल से लेकर आउटिंग में कैरी किया जा सकता है। आप व्हाइट या ब्लैक टी के साथ ब्लू जींस और डेनिम जैकेट पहन सकती हैं। अगर आप थोड़ा एक्सपेरिमेंटल होना चाहती हैं तो ऐसे में जैकेट पर पैच वर्क भी किया जा सकता है। फेमिनिन लुक के लिए आप इसके साथ सैंडल्स को पेयर करें। वहीं अगर आप स्पोर्टी टच चाहती हैं तो ऐसे में आप स्नीकर्स को स्टाइल कर सकती हैं।

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, यंग गर्ल्स पर इस तरह का स्टाइल काफी अच्छा लगता है। इसके लिए आप प्रिंटेड टीशर्ट के साथ शॉर्ट स्कर्ट पेयर करें। अपने आउटफिट की लेयरिंग के लिए आप डेनिम जैकेट को पहनें। इसके साथ लॉन्ग स्टेटमेंट ईयररिंग्स या बीड्स नेकपीस को स्टाइल करना अच्छा रहेगा।

## लॉन्ग स्कर्ट के साथ करें स्टाइल

फैशन एक्सपर्ट के अनुसार, यह स्टाइल हर उम्र की महिला पर अच्छा लगता है और इसमें आप काफी कुछ कर सकती हैं। मसलन, अगर आप कलर ब्लॉकिंग करना चाहती हैं तो ऐसे में आप व्हाइट या ब्लैक टॉप के साथ किसी ब्राइट कलर की लॉन्ग स्कर्ट को पेयर करें। वहीं अपने लुक में स्टक्चर एड करने के लिए आप बेल्ट का सहारा भी ले सकती हैं। आखिरी में आप क्रॉप स्टाइल डेनिम जैकेट को पेयर करें। यह लुक एकदम क्लासी लगता है और कभी भी टेंड से आउट नहीं होता।



# अपने साथ कई सारी उम्मीदें, प्यार व एक्साइटमेंट लेकर आता है रिश्ता

एक रिश्ता अपने साथ कई सारी उम्मीदें, प्यार व एक्साइटमेंट लेकर आता है। किसी के साथ एक रिश्ते में जुड़ने पर यकीनन आप कुछ अलग व खास महसूस कर रही होंगी। लेकिन इस प्यार भरी फीलिंग के बीच जरूरी है एक-दूसरे को समझना। एक रिश्ते को मजबूत होने और आपसी समझ विकसित होने में थोड़ा वक्त लगता है और यह केवल तभी संभव है, जब आप एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते व समझते हों। जब आप ऐसा करने में सक्षम हो जाते हैं तो इससे आपके रिश्ते को एक मजबूती और स्थिरता मिलती है। अब सवाल यह उठता है कि एक नए रिलेशनशिप में अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से समझने के लिए आप क्या करें। इसके लिए आपको कुछ कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि यह उतना मुश्किल भी नहीं है। अगर आप अपने पार्टनर से कुछ सवाल पूछती हैं तो इससे आपको अपने पार्टनर को समझने में आसानी होती है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे ही कुछ सवालों के बारे में बता रहे हैं, जो आपको एक न्यू रिलेशन में जरूर पूछने चाहिए

### आपकी बकेट लिस्ट में क्या है?

हर किसी के पास उन चीजों की एक सूची होती है जिन्हें वे अपने जीवन में करना चाहते हैं। भले ही उन्होंने वास्तव में इसके लिए पहले से तैयारी की हो या नहीं। लेकिन फिर भी उनके कुछ सपने जरूर होते हैं। इस सवाल से आपको अपने पार्टनर के सपनों को समझने में आसानी होगी। आपको समझ में आएगा कि वह अपने जीवन से क्या चाहते हैं। इस तरह आप कहीं ना कहीं अपने और उनके सपनों की कम्पैटिबिलिटी को भी चेक कर सकती हैं।



### आप हमेशा कहाँ घूमना चाहते हैं?

जब आप अपने पार्टनर से उनके ट्रेवल प्लॉन और ट्रेवल संबंधित पसंद के बारे में पूछती हैं तो इससे आपको समझ में आता है कि उन्हें कैसी जगहें अधिक पसंद है। मसलन, उन्हें गर्मी पसंद है या ठंड। क्या उन्हें शहरों में घूमना अच्छा लगता है या फिर बीच पसंद है या फिर वह वाइल्ड लाइफ को अधिक प्राथमिकता देते हैं। इससे आपको एक साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने में भी मदद मिलती है। साथ ही आपको उनके व्यक्तित्व के बारे में भी पता चलता है।

### अगर आप अपने बारे में एक चीज बदल सकते हैं, तो यह क्या होगा?

यह एक बेहद ही दिलचस्प सवाल है और जब आप अपने पार्टनर से यह सवाल पूछती हैं तो इससे आपको पता चलता है कि क्या वह खुद में बदलाव कर सकते हैं। दूसरे शब्दो में, आपके साथी में खुद के बारे में कुछ बदलने की शक्ति है या नहीं। दरअसल, एक रिलेशन को सक्सेसफुल बनाने के लिए कई बार खुद में कई बदलाव करने पड़ते हैं और यह तभी संभव है, जब आपमें वह शक्ति हो।

### क्या आप भविष्य में बच्चे चाहते हैं?

यह एक बेहद ही सामान्य प्रश्न लगता है, लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ अपनी पूरी लाइफ देख रही हैं तो ऐसे में यह सवाल जरूर पूछना चाहिए। इससे आपको यह समझने में आसानी होगी कि अपनी फैमिली प्लानिंग और मैरिज के लेकर उनके क्या प्लॉन है या फिर जब आप उनसे शादी करेंगी तो आप दोनों का एक-दूसरे के करियर और फैमिली प्लॉनिंग के बीच क्या रवैया होगा।

### किस चीज ने आपको सबसे पहले आकर्षित किया?

यह कोई संदेह नहीं है कि यह सवाल आपके पार्टनर को एक बार के लिए आश्चर्यचकित जरूर करेगा। हो सकता है कि आपके सवाल पूछने से वह हैरान हो जाएं। लेकिन इससे आपको अपनी छिपी हुई क्वालिटीज को जानने में मदद मिलेगी। वैसे हो सकता है कि आपका पार्टनर भी आपसे यह सवाल पूछ लें, इसलिए आप भी अपने पार्टनर को इसका जवाब देने के लिए तैयार रहें।



# पौधों में चाहिए ज्यादा फल और फूल तो अपनाएं ये आसान गार्डनिंग हैक्स

**अगर आप गार्डनिंग के बारे में सोचकर परेशान हो रहे हैं तो ये कुछ आसान टिप्स आपके गार्डन को इस मौसम में भी हरा-भरा रखेंगी।**

इस मौसम में स्किन से लेकर गार्डन तक और किचन से लेकर बाथरूम तक हमें कई समस्याओं से जूझना पड़ता है। इस मौसम में हमारे गार्डन के पौधे भी खराब होने लगते हैं और ये वो समय है जब कई लोगों की शिकायत होती है कि कितनी भी मेहनत कर लें पर न तो पौधों में फल आते हैं, न ही फूल आते हैं। इस तरह की समस्या से बचने के लिए आप कुछ टिप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये टिप्स आपके पौधों को कई सारी समस्याओं से बचा सकती हैं। गर्डनिंग करते समय आपको इन बातों का ध्यान रखना होगा कि ये मौसम बहुत खराब होता है और पौधों को पूरी तरह से झुलसा सकता है इसलिए अगर कोई नया पौधा इस सीजन में लगाने के बारे में सोच रही हैं तो वो लगाएं जो इसी सीजन के हों। कैक्टस, समर फ्लावर, हर्ब्स, नींबू, लिली बल्ब्स आदि इस सीजन में लगाए जा सकते हैं। जो पौधे पहले से ही लगे हुए हैं उनके लिए कुछ खास टिप्स फॉलो करें।

### पौधों के लिए शेड बनाएं

ये सबसे आसान और सबसे असरदार ट्रिक साबित हो सकती है जिससे आप अपने पौधों को बचा सकती हैं। ये आपके गार्डन के लिए एक अच्छा मौका हो सकता है। आप शेड क्लॉथ में इन्वेस्ट करें। ये ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही स्टोर्स पर उपलब्ध होते हैं। आपके गार्डन एरिया में कितनी और किस समय धूप आती है इसपर ध्यान देते हुए शेड क्लॉथ की थिकनेस और फैब्रिक का ध्यान रखें। ऐसे सभी पौधे जिन्हें बहुत ज्यादा धूप की जरूरत नहीं होती है उन्हें आप हमेशा शेड के अंदर ही रखें। मॉर्निंग में धूप लगे तो कोई बात नहीं, लेकिन दोपहर की कड़ी धूप में ये पौधे शेड के अंदर होने चाहिए। पौधों की पत्तियां अगर जल जाएंगी तो उनके फूल और फल नहीं आएंगे।

### पौधों को पानी देने का समय ध्यान रखें

लोगों को लगता है कि जब बहुत धूप होती है तब पानी डालना चाहिए ताकि पौधों को ठंडक मिल सके, लेकिन ये सबसे खराब चीज़ है और इससे कई बार पौधे मर भी सकते हैं। दरअसल, पौधों को पानी देने का सही समय सुबह 10 बजे से पहले या फिर शाम को 4 बजे के बाद होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोपहर में अगर मिट्टी में पानी भरा हुआ रहेगा तो धूप से पानी के भाप बनने का प्रोसेस शुरू हो जाएगा। ऐसे समय में पौधे न तो पानी एब्जॉर्ब ठीक से कर पाते हैं और उनकी जड़ें सड़ने या फिर ज्यादा गर्मी के कारण उनके खराब होने की गुंजाइश ज्यादा रहती है।

### पानी का शावर

ये समय सिर्फ रूट्स को ही पानी देने का नहीं होता बल्कि आपको पत्तियों को भी साफ करना होता है। ऐसे समय में आपको स्प्रिंकलर का इस्तेमाल करना चाहिए। ये न सिर्फ गर्मियों के कीड़ों को दूर रखता है बल्कि इससे आपके पौधों की पत्तियों की सफाई भी हो जाती है।

### मिट्टी का मॉइश्चर बरकरार रखें

इसके लिए आप कोकोपीट, वर्मी कम्पोस्ट, रेत और गार्डन सॉइल का अच्छा मिक्सचर बनाएं। ये पानी में मॉइश्चर बनाकर रखने में कामयाब होगा और ये ज्यादा समय तक मिट्टी को पोषण दे पाएगा। आप मिट्टी में फास्फोरस और नाइट्रोजन रिच फर्टिलाइजर भी मिला सकती हैं। जिप्सम सॉल्ट आदि मिलाने के लिए भी ट्राई करें। साथ ही नीम पाउडर की मिलावट भी की जा सकती है जिससे कीड़े दूर रहें।



**घर की हर एक चीज समय-समय पर गंदी हो जाती है। इन दिनों गर्मियों का मौसम है। ऐसे में पानी की बोतल भी एक समय के बाद पुरानी और खराब दिखने लग जाती हैं। अगर आप गंदे पानी की बोतल को आसानी से साफ करना चाहते हैं तो इस आर्टिकल में दिए गए हैक्स की मदद लें। इससे आपकी बोतल पर लगी गंदगी तो साफ होगी ही। साथ ही बोतलें चमक भी उठेंगी।**

# पानी की बोतलों को नया जैसा बनाने के लिए लें इन ट्रिक्स की मदद

पानी की बोतल को साफ करने के लिए सिरके का घोल आपकी बहुत मदद कर सकता है। इससे बोतल पर लगे वो दाग भी हट जाते हैं जो साबुन से नहीं हटते हैं। सबसे पहले गुनगुना पानी लें और उसमें 3-4 चम्मच सिरका डालें। अब लिक्विड में 1 चम्मच बेकिंग पाउडर डालें और अच्छे से घोल तैयार कर लें। अब इस घोल को बोतल में डालें और कुछ देर के लिए रखा रहने दें। फिर बोतल को बाहर और अंदर से अच्छे से साफ करें। आपकी बोतल एक बार फिर चमक उठेगी।

### डिटर्जेंट का बनाएं घोल

गंदी पानी की बोतलों को साफ करने के लिए आप डिटर्जेंट का घोल भी बना सकते हैं। डिटर्जेंट का घोल बहुत स्ट्रांग होती है जो बोतलों के जिद्दी दागों को आसानी से साफ कर देता है।

### बोतल की बदबू कैसे करें दूर

कई बार बोतलों से बदबू आने लग जाती है जिसे साफ करने के लिए आपको बोतल में गर्मा-गर्म पानी डालना है। इससे बोतल की बदबू दूर हो जाती है और आप दोबारा बोतल को यूज कर सकते हैं।



**अक्सर किचन के सिंक के नीचे मौजूद खाली जगह को लोग घर के बेकार समान को स्टोर करने के लिए इस्तेमाल करते हैं। लेकिन किचन को ऑर्गेनाइज रखने और अनावश्यक नुकसान को रोकने के लिए कुछ खास चीजों को किचन सिंक के नीचे स्टोर करने से बचना चाहिए। किचन सिंक के नीचे ड्रिल्स, रिंचेस या फिर अन्य टूल्स को स्टोर करने की आदत आपकी चीजें खराब कर सकती हैं।**

# किचन सिंक के नीचे ये चीजें स्टोर करने से बचें

### केमिकल प्रोडक्ट्स

किचन सिंक के नीचे लोग डस्टबीन के साथ अक्सर कैमिकल प्रोडक्ट्स जैसे ब्लीच, ड्रेन क्लीनर को भी स्टोर कर देते हैं। लेकिन ऐसा बिल्कुल न करें, इन कैमिकल प्रोडक्ट्स के गिरने से यह पूरे घर में फैलकर बच्चों, पेट्स या घर के बाकी सदस्यों को भी नुकसान पहुंच सकता है।

### बैकअप आइटम

बैकअप आइटम रखने के लिए किचन सिंक के नीचे की ही जगह ज्यादातर इस्तेमाल की जाती है। लेकिन ऐसा करते समय लंबे समय तक लोग इस जगह की साफ-सफाई करना भूल जाते हैं। जिसकी वजह से यहां जरम्स और बैक्टीरिया पनपने लगते हैं।

### टूल्स

किचन सिंक के नीचे ड्रिल्स, रिंचेस या फिर अन्य टूल्स को स्टोर करने की आदत आपकी चीजें खराब कर सकती हैं। कई बार सिंक से पानी लीक होने पर नीचे रखे इन टूल्स में जंग लग सकता है, जिससे यह जल्दी खराब हो सकते हैं।

### ऑयल रैग्स

आग लगने वाले आइटम जैसे थिनर, पॉलिश, पेंट या फर्नीचर पॉलिश आदि किचन सिंक के नीचे स्टोर न करें। ऐसा करने से कई बार आग लगने का खतरा बना रहता है। ऐसे में इन चीजों को ऐसी जगह पर रखें जहां इनके गिरने और फैलने का खतरा कम रहे।

## बादाम का दूध पीने से हो सकते हैं कुछ नुकसान

**बादाम का दूध कुछ लोगों में पेट से जुड़ी समस्या का कारण भी बन सकता है। दरअसल, बादाम के दूध में कैरेजीनन होता है, जो एक गाढ़ा करने वाला एजेंट है। इसे पचाना कुछ लोगों के लिए मुश्किल हो सकता है।**

आज के समय में लोग दूध में लैक्टोज फ्री ऑप्शन चुनना पसंद करते हैं और ऐसे में वे बादाम के दूध का सेवन करते हैं। यह काफी लाइट होता है और इसका नटी टेस्ट होता है। शायद यही वजह है कि बादाम के दूध को ऐसे ही पीने के साथ-साथ कॉफी व स्मूदी में भी इस्तेमाल करते हैं। चूंकि, इसमें अक्सर रेग्युलर दूध की तुलना में कैलोरी कम होती है, इसलिए वजन कम करने की जद्दोजहद करने वाले लोगों के लिए यह एक अच्छा ऑप्शन है। लेकिन हर किसी के लिए बादाम का दूध पीना उतना सेहतमंद ऑप्शन नहीं है।

जबकि बादाम के दूध के अपने फ़ायदे हैं, इसके कुछ साइड इफ़ेक्ट भी हैं, जिन्हें बिल्कुल भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बादाम का दूध पीने से होने वाले कुछ नुकसान के बारे में बता रहे हैं-

### थायराइड से जुड़ी समस्याएं

जिन लोगों को थायराइड की शिकायत होती है, उनके लिए बादाम का दूध पीना शायद उतना अच्छा ऑप्शन नहीं है। दरअसल, बादाम में गोइट्रोजन होते हैं, जिन्हें अगर बहुत अधिक मात्रा में लिया जाता है, तो यह थायराइड फ़ंक्शन को बाधित कर सकते हैं। इसलिए, थायराइड से पीड़ित व्यक्ति को हर दिन बादाम का दूध पीने या फिर इसे बहुत अधिक मात्रा में पीने से बचना चाहिए।

### किडनी स्टोन का बढ़ सकता है रिस्क

बादाम का दूध किडनी स्टोन की समस्या के रिस्क को भी बढ़ा सकता है। दरअसल, बादाम में ऑक्सालेट होते हैं, जो कुछ लोगों में किडनी स्टोन के गठन में योगदान कर सकते हैं। इसलिए, जिन लोगों को पहले से ही किडनी स्टोन होने का खतरा है, उन्हें बादाम के दूध सहित बादाम से बने बहुत सारे प्रोडक्ट्स का सेवन करने से बचना चाहिए।

### पेट से जुड़ी समस्या

बादाम का दूध कुछ लोगों में पेट से जुड़ी समस्या का कारण भी बन सकता है। दरअसल, बादाम के दूध में कैरेजीनन होता है, जो एक गाढ़ा करने वाला एजेंट है। इसे पचाना कुछ लोगों के लिए मुश्किल हो सकता है। ऐसे में कुछ लोगों को ब्लोटिंग, गैस या पेट में हल्की ऐंठन की शिकायत भी हो सकती है।




# चेन्नई पर्यटन स्थलः दक्षिण भारत का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक हब

“ महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। ”

चेन्नई, जिसे पहले मद्रास के नाम से जाना जाता था, भारत के तमिलनाडु राज्य की राजधानी है और यह दक्षिण भारत का सबसे महत्वपूर्ण शहर है। चेन्नई की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थल, सुंदर समुद्र तट, और आधुनिक जीवनशैली इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बनाते हैं। यह शहर न केवल अपने व्यापारिक महत्त्व के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां के ऐतिहासिक मंदिरों, संगीत, नृत्य और काव्य कला के लिए भी प्रसिद्ध है। आइए जानते हैं चेन्नई के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

### 1. महाबलीपुरम

महाबलीपुरम, चेन्नई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित एक ऐतिहासिक स्थल है, जो यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल के रूप में जाना जाता है। यहां के रॉक कट मंदिर, समुद्र तट और अद्भुत वास्तुकला पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। विशेष रूप से फ्रपंच रथफ्र और फ्रअरजुन की तपस्याफ्र जैसे स्थल यहाँ की ऐतिहासिक धरोहर को उजागर करते हैं।

### 2. कापालेश्वर मंदिर

चेन्नई में स्थित कापालेश्वर मंदिर एक प्रमुख हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है। मंदिर के आसपास का वातावरण भक्तों को शांति और ध्यान की अनुभूति कराता है। यह मंदिर चेन्नई के प्रमुख धार्मिक स्थलों में से एक है।

### 3. सेंट थॉमस चर्च

सेंट थॉमस चर्च, जो चेन्नई के सेंट थॉमस माउंट पर स्थित है, एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह चर्च ईसाई धर्म के एक प्रमुख स्थल के रूप में पहचाना जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि यहां सेंट थॉमस की ममी दफनाई गई थी। यहां का शांत वातावरण और ऐतिहासिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करता है।

### 4. विवेकानंद हाउस

विवेकानंद हाउस, जो चेन्नई के समुद्र तट के पास स्थित है, स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके योगदान को समर्पित एक संग्रहालय है। यहां आप स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण घटनाओं और उनके कार्यों के बारे में जान सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो भारतीय संतों और उनके विचारों के बारे में अधिक जानना चाहते हैं।

### 5. अन्ना सलाई

अन्ना सलाई, जिसे मार्सल रोड भी कहा जाता है, चेन्नई का एक प्रमुख वाणिज्यिक क्षेत्र है। यहां पर विभिन्न व्यापारिक केंद्र, शॉपिंग मॉल्स, रेस्टोरेंट्स और कैफे हैं, जो इसे शॉपिंग और खाने-पीने के शौकिनों के लिए आदर्श स्थान बनाते हैं। यह क्षेत्र चेन्नई की आधुनिक जीवनशैली को दर्शाता है।

### 6. ईक्विनॉक्स बीच

चेन्नई के समुद्र तटों में एक प्रमुख नाम ईक्विनॉक्स बीच का है। यह बीच पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है क्योंकि यहाँ पर शांति और सुकून का अनुभव होता है। सुबह और शाम के समय समुद्र के पास घूमना या बैठना एक अद्भुत अनुभव होता है। यहां का वातावरण स्वच्छ और शांतिपूर्ण होता है, जो पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।

7. वेलाचेरी झील

यदि आप प्रकृति से जुड़ना चाहते हैं, तो वेलाचेरी झील एक बेहतरीन स्थल है। यह एक शांत और सुंदर झील है, जहाँ आप पैदल चलने, बोटिंग करने या सिर्फ दृश्य का आनंद लेने के लिए आ सकते हैं। यह स्थल शहर के शोर-शराबे से दूर आराम और सुकून का अनुभव प्रदान करता है।

8. मरीना बीच

मरीना बीच, चेन्नई का सबसे प्रसिद्ध समुद्र तट है और यह भारत का दूसरा सबसे लंबा समुद्र तट है। यहां पर घूमने का अनुभव बहुत ही अद्भुत होता है। खासकर सुबह और शाम के समय यहाँ की हवा और समुद्र का दृश्य बहुत ही आकर्षक होता है। यहाँ के किनारे पर चलना, सूर्योदय और सूर्यास्त का नजारा देखना एक अविस्मरणीय अनुभव होता है।

9. चित्तारन मंदिर

चित्तारन मंदिर चेन्नई के पास स्थित एक प्रसिद्ध शिव मंदिर है। यह मंदिर अपनी अद्वितीय वास्तुकला और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध है। यहां भगवान शिव के नटराज रूप की पूजा की जाती है और यह स्थान भारतीय हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों में से एक है।

10. कांची काचीयमंगलम

कांची काचीयमंगलम, जो चेन्नई से लगभग 70 किलोमीटर दूर है, तमिलनाडु का एक प्रमुख धार्मिक स्थल है। यहाँ के प्राचीन मंदिर और हस्तशिल्प उत्पादों के लिए कांची काचीयमंगलम प्रसिद्ध है। यह स्थल इतिहास और संस्कृति में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए आदर्श है।

चेन्नई एक विविधताओं से भरा हुआ शहर है, जहां पर सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का एक बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलता है। यहां का प्रत्येक स्थल अपनी अलग पहचान और आकर्षण से भरपूर है। चाहे आप धार्मिक स्थलों के दर्शनों के लिए जाएं या समुद्र के किनारे शांति का अनुभव करना चाहें, चेन्नई हर प्रकार के पर्यटकों के लिए आदर्श गंतव्य है।

# उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन का लेवल कितना होना चाहिए?

## 2-5 वर्ष के बच्चे में खून की मात्रा कितनी होनी चाहिए?

डॉक्टर और विशेषज्ञ हमेशा जरूरी मात्रा में स्वस्थ और पौष्टिक भोजन खाने की सलाह देते हैं. दरअसल, आहार से प्राप्त पोषण इम्यून सिस्टम और हमारे शरीर की सभी प्रणालियों के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है. आहार से मिलने वाले न्यूट्रिएंट्स और मिनरल्स जैसे कि आयरन, प्रोटीन, विटामिन और कैल्शियम आदि शरीर की सभी इंटरनल सिस्टम को सही और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. साथ ही, इन न्यूट्रिएंट्स और कई आंतरिक शारीरिक गतिविधियों के कारण हमारे शरीर में कुछ खास तरह के तत्व और तरल पदार्थ भी बनते हैं, जो शरीर को अलग-अलग तरह से पूरी तरह स्वस्थ रखने में अपनी भूमिका निभाते हैं.

हीमोग्लोबिन भी एक तरह का प्रोटीन है जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है. खून में हीमोग्लोबिन की कमी एनीमिया यानी खून की कमी का संकेत माना जाता है. वहीं, अगर खून में हीमोग्लोबिन जरूरत से ज्यादा कम होने लगे तो इससे न सिर्फ हमारी शारीरिक और मानसिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं बल्कि कई बार कम या ज्यादा गंभीर समस्याएं भी हो सकती हैं.

### खून में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर होना महत्वपूर्ण है

दिल्ली की पोषण विशेषज्ञ डॉ दिव्या शर्मा बताती हैं कि हीमोग्लोबिन हमारी रेड ब्लड सेल्स यानी (आरबीसी) में पाया जाने वाला महत्वपूर्ण प्रोटीन है, जो खून के माध्यम से हमारे पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने का कार्य करता है. शरीर में जब हीमोग्लोबिन की मात्रा ज्यादा कम हो जाती है, तो शरीर के सभी अंगों, उत्तकों और कोशिकाओं में आवश्यक ऑक्सीजन की आपूर्ति बाधित होने लगती हैं. यह स्थिति कई रोगों तथा समस्याओं का कारण बन सकती हैं.

### उम्र के हिसाब से हीमोग्लोबिन कितना होना चाहिए

डॉ. दिव्या बताती हैं कि पुरुष, महिला और बच्चों में इसकी आदर्श मात्रा अलग-अलग होती है, उदाहरण के लिए सामान्य स्थिति में नवजात शिशु में हीमोग्लोबिन का सामान्य स्तर 17.22 ग्राम/डीएल माना जाता है, जबकि बच्चों में यह 11.13 ग्राम/डीएल होता है. वहीं, एक वयस्क पुरुष के रक्त में हीमोग्लोबिन का आदर्श स्तर 14 से 18 ग्राम/डीएल और एक वयस्क महिला में 12 से 16 ग्राम/डीएल माना जाता है. वयस्कों में इस संख्या में एक या दो अंकों की कमी आमतौर पर बहुत गंभीर नहीं मानी जाती है, लेकिन अगर रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर 8 ग्राम या उससे नीचे चला जाए तो इसे चिंताजनक स्थिति माना जाता है. इस स्थिति में डॉक्टर से संपर्क करना बहुत जरूरी हो जाता है.

### 2 से 5 वर्ष के बच्चे में खून की मात्रा कितनी होनी चाहिए?

2 से 5 साल की उम्र के बच्चे में हीमोग्लोबिन का स्तर 11.5 से 13.5 ग्राम प्रति डेसीलिटर होना चाहिए. यह स्तर बच्चे के विकास और अच्छे स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण है.

शरीर में एनीमिया के लक्षण


रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी या एनीमिया की समस्या होने पर पीड़ित लोगों में कई बार कम या ज्यादा तीव्रता में कुछ शारीरिक व मानसिक समस्याएं नजर आने लगती हैं. जिनमें से कुछ इस प्रकार हैं.

**लगातार या जल्दी जल्दी सिर दर्द होना**

सांस फूलना तथा चक्कर आना
थकान और कमजोरी
शरीर में अकड़न महसूस होना
लो ब्लड प्रेशर या लो बीपी
शरीर में एनर्जी में कमी
चिड़चिड़ापन तथा घबराहट होना
सीने में दर्द
तेज या अनियमित दिल की धड़कन
खून की कमी
ज्यादा ठंड लगना और हाथ और पैर ठंडे होना
एकाग्रता में कमी
हड्डियों में कमजोरी
कमजोर इम्यूनिटी या इम्यूनिटी से संबंधित रोग

**महिलाओं में मासिक धर्म के दौरान ज्यादा दर्द होना, आदि.**

### ये हैं खून की कमी के कारण



डॉ. दिव्या बताती हैं कि हमेशा शरीर में पोषण की कमी ही ब्लड में हीमोग्लोबिन कम होने का कारण नहीं होती. कई बार आनुवंशिक कारणों, सिकल सेल एनीमिया जैसी आनुवंशिक समस्याओं, कैंसर, थैलेसीमिया, किडनी की समस्याओं, लिवर की बीमारी जैसी कुछ बीमारियों या शारीरिक समस्याओं, ऑटोइम्यून बीमारी, बोन मैरो डिसऑर्डर और थायरॉयड रोग जैसी कुछ पुरानी स्वास्थ्य स्थितियों के कारण भी हीमोग्लोबिन का स्तर कम हो सकता है. इसके अलावा, जिन लोगों के ब्लड में हीमोग्लोबिन की मात्रा अपेक्षित संख्या से कम होती है, उन्हें कभी-कभी अवसाद, उदासीनता, उनींदापन और चिड़चिड़ापन और संज्ञानात्मक और तार्किक क्षमता में कमी जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है.

# अबू धाबी के बाद अब अफ्रीका में बनेगा दक्षिणी गोलार्ध का सबसे बड़ा मंदिर, 2027 तक होगा तैयार

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** अबू धाबी के बाद, दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में दक्षिणी गोलार्ध का सबसे बड़ा बीएपीएस हिंदू मंदिर बनने जा रहा है। यह मंदिर 37,000 वर्ग मीटर में फैला होगा और अगले तीन वर्षों में तैयार हो जाएगा। यह भव्य मंदिर जोहानिसबर्ग के लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहा है। पिछले महीने 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन बीएपीएस प्रमुख महंत स्वामी महाराज की उपस्थिति में किया गया। अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के पारंपरिक मंदिर का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। बीएपीएस मंदिर के निर्माण से दक्षिण अफ्रीका में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और यह सभी धर्मों के बीच संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र बनेगा।

**बीएपीएस विरासत और पीएम मोदी का समर्थन :** बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक केंद्र दक्षिण अफ्रीकी भारतीय समुदाय की विरासत और रंगभेद काल के संघर्षों का प्रतीक होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पिछली दक्षिण अफ्रीका यात्रा के दौरान इस परियोजना का अनावरण किया था। संभावना है कि वह नवंबर 2025 में जोहानिसबर्ग में होने वाले ल20 सम्मेलन के दौरान इस मंदिर का दौरा कर सकते हैं।

**भारतीय और अफ्रीकी संस्कृति का संगम :** दक्षिण अफ्रीका के प्रवक्ता हेमांग देसाई ने बताया कि इस मंदिर की डिज़ाइन में भारतीय और अफ्रीकी कला एवं संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जैसा कि अबू धाबी मंदिर में भी स्थानीय संस्कृति को शामिल किया गया था।




### पर्यावरण अनुकूल निर्माण और भव्यता

मंदिर परिसर में 500 से अधिक वृक्ष लगाए जा रहे हैं। निर्माण में जल दक्षता, सौर ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जा रही है। 4.5 एकड़ में फैले इस मंदिर में भव्य सभा हॉल, बैंक्वेट हॉल, शुद्ध सात्विक भोजन के लिए रेस्तरां (शायोना), विभिन्न धार्मिक गतिविधियों के लिए 20 कमरे होंगे। भारत के जयपुर, तिरुपति और अन्य शहरों से स्वामीनारायण, अक्षर पुरुषोत्तम, राधाकृष्ण, सीताराम, गणपति, हनुमान, तिरुपति बालाजी और कार्तिकेय स्वामी की मूर्तियां मंगवाई गई हैं, जिन्हें मंदिर पूरा होने के बाद पुनः स्थापित किया जाएगा।

### मंदिर में भोजन और 'पिंक हेलमेट' ग्रुप की अनूठी पहल

मंदिर परिसर में सात्विक रसोई होगी, जहां श्रद्धालुओं को मोहन थाल, लड्डू, साबूदाना वड़ा, खीर और अन्य पारंपरिक व्यंजन परोसे जाएंगे। महिला स्वयंसेवकों का 'पिंक हेलमेट ग्रुप' निर्माण कार्य में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने मंदिर परिसर की रंगाई, नक्काशीदार स्तंभों की सैंडिंग और अन्य सजावट का कार्य किया, जिससे लाखों रैंड की बचत हुई।

## संक्षिप्त समाचार



### पाकिस्तान में महिला के आत्मघाती हमले में 1 की मौत, 3 घायल

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक महिला के आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। महिला ने यह हमला अर्धसैनिक गश्ती दल की गाड़ी को निशाना बनाकर किया था। सोमवार को हमला बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा से लगभग 170 किलोमीटर दूर दक्षिण-पश्चिम में कलात में हुआ। अभी तक किसी संगठन में बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन पुलिस को शक है किय यह काम बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी का है।

### फ्रांस का रूस और यूक्रेन के बीच 1 महीने युद्धविराम का प्रस्ताव

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके विदेश मंत्री ने रूस और यूक्रेन के बीच एक महीने के युद्धविराम का प्रस्ताव दिया है। इस दौरान यह देखा जाएगा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन का शांति वार्ता के लिए क्या नजरिया है। फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने कहा- यूरोपीय संघ पर आज जितना युद्ध का खतरा है उतना कभी नहीं रहा। खतरा लगातार हमारे करीब आता जा रहा है। कल ही यूक्रेन के समर्थन में यूरोपीय नेताओं ने लंदन में बैठक की थी। इस बैठक में ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर यूक्रेन को 14 हजार करोड़ रुपए देने की बात कही थी। इस बैठक में 15 देशों के राष्ट्र प्रमुख, तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो के महासचिव, यूरोपीय संघ और यूरोपीय काउंसिल के प्रेसिडेंट शामिल हुए थे।



### मालदीव में इतिहास की सबसे भयंकर बारिश, राष्ट्रपति मुइज्जू ने दफ्तर बंद करने के दिए आदेश



**माले, एजेंसी।** मालदीव में इतिहास की सबसे भारी दैनिक बारिश के चलते भयंकर बाढ़ आ गई, जिससे आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। हालात की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को सरकारी कार्यालयों और संस्थानों को बंद करने का आदेश दिया। सरकारी मीडिया पीएसएम न्यूज के अनुसार, लगातार हो रही बारिश के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मालदीव मौसम विज्ञान सेवा के मुताबिक, रविवार सुबह 8 बजे तक बीते 24 घंटों में 296 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो देश के इतिहास में सबसे ज्यादा है। शनिवार को हुई मूसलाधार बारिश के कारण राजधानी माले, हुलहुमाले, हुलहुले और वेलाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित कई बाहरी द्वीप बुरी तरह प्रभावित हुए। बाढ़ के पानी से घरों और संपत्तियों को हुए नुकसान को देखते हुए मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल और अन्य एजेंसियों को राहत कार्यों में लगाया गया है। पीएसएम न्यूज के अनुसार, बाढ़ का पानी निकालने के लिए 6 प्रमुख स्थानों पर कुल 17 पंप लगाए जिनसे अब तक लगभग 17,000 टन पानी निकाला जा चुका है। इसके अलावा 976 सैंडबैग की आपूर्ति की गई और 131 संपत्तियों को राहत सहायता प्रदान की गई। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले कुछ दिनों तक भारी बारिश जारी रह सकती है, जिससे स्थिति और बिगड़ने की आशंका है। प्रशासन लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और जनता से सतर्क रहने की अपील की गई है।

## भारत ने कसा शिकंजा तो बदल गए मोहम्मद यूनुस के तेवर, अचानक दे दिया बड़ा बयान

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले दिनों भारत के खिलाफ काफी कुछ बयान दिया था। लेकिन अब अचानक उनके तेवर और सुर बदलते नजर आ रहे हैं। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश के पास भारत से अच्छे संबंध के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं है।



एक इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद यूनुस के बोल बदलते नजर आए और आए दिन भारत के खिलाफ हमलावर रहने वाले यूनुस ने अब कहा है कि भारत और बांग्लादेश एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए बांग्लादेश के पास भारत के साथ अच्छे संबंध के अलावा और कोई ऑप्शन नहीं है।

हालांकि, इस दौरान उन्होंने ये भी कहा है कि कुछ दुष्प्रचार ने दोनों देशों के बीच कुछ संघर्षों को जरूर पैदा कर दिया है। मोहम्मद यूनुस ने बीबीसी बांग्ला को दिए इंटरव्यू में उन दुष्प्रचार के स्रोतों का नाम नहीं लिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश भारत के साथ अपने संबंध को सुधारने के लिए गलतफहमियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है।

थाईलैंड में 3-4 अप्रैल को बिम्सटेक शिखर सम्मेलन का आयोजन होना है। मोहम्मद यूनुस ने इस आयोजन से ठीक एक महीने पहले ये बयान दिया है। इस सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और मोहम्मद यूनुस के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित हो सकती है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया ने इंटरव्यू के दौरान दोनों देशों के रिश्ते को बहुत अच्छा बताया है। उन्होंने कहा, ÷दोनों देशों के रिश्तों में कोई गिरावट नहीं है। हमारे संबंध हमेशा अच्छे रहेंगे। ये रिश्ता अभी भी अच्छा है और भविष्य में भी अच्छा रहेगा।

उन्होंने कहा, हमारे संबंध बहुत करीबी हैं, हम एक दूसरे पर बहुत निर्भर हैं। दोनों देश ऐतिहासिक, राजनीतिक और आर्थिक दृष्टिकोण से इतने करीब हैं कि हम कभी अलग-थलग नहीं रह सकते हैं।

## ट्रंप के दांव पर चीन का एक्शन, अमेरिकी आयात पर लगाएगा 15 फीसदी टैरिफ; शुरू हुआ ट्रेड वॉर

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर की शुरूआत हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने मंगलवार से कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। ये टैरिफ आज से लागू हो गए हैं। इसके साथ चीन को भी अमेरिका ने तगड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने सभी चीनी इंपोर्ट पर टैरिफ को 10 फीसदी से बढ़ाकर 20 फीसदी करने का एलान किया है।

### अमेरिका के एक्शन पर चीन का रिएक्शन

अमेरिका के इस एलान के बाद चीन ने जवाबी कार्रवाई की है। चीन ने कई अमेरिकी कृषि उत्पादों के आयात पर 10 से 15 प्रतिशत का अतिरिक्त टैक्स लगाया है। इस प्रकरण में बीजिंग ने कहा कि वह अमेरिका से सोयाबीन, पोर्क और अन्य वस्तुओं के आयात पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाएगा।

इसके साथ ही चीन ने एलान करते हुए कहा कि अमेरिकी चिकन, गेहूं, मक्का और कपास के आयात पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। चीनी वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार अतिरिक्त शुल्क 10 मार्च से लागू होंगे। दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस टैरिफ वॉर के बाद संभावित व्यापार युद्ध की शुरुआत हो गई है। बता दें कि अमेरिका ने मंगलवार से चीनी वस्तुओं पर शुल्क 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद चीन की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई है।



बता दें कि चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने एक अलग बयान में कहा कि अमेरिका के एकतरफा टैरिफ उपाय विश्व व्यापार संगठन के नियमों का गंभीर उल्लंघन करते हैं और चीन और अमेरिका के बीच आर्थिक और व्यापार सहयोग के आधार को कमजोर करते हैं।

वहीं, मंत्रालय द्वारा जारी इस बयान में साफ कहा गया है कि चीन अपने वैध अधिकारों और हितों की दृढ़ता से रक्षा करेगा।

## 58 घंटे से ज्यादा देर तक किस, गिनीज बुक में नाम; अब ये कपल उठाने वाला है हैरान करने वाला कदम



**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया में सबसे लंबे चुंबन का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने वाले कपल ने एक नई घोषणा की है, जिसके बाद लोग काफी ज्यादा हैरान हो गए हैं। थाई कपल एक्काचाई और लक्साना तिरानारत ने ब्रेक अप करने का फैसला किया है।

### 58 घंटे से ज्यादा देर तक किया था चुंबन

2013 में इस कपल ने 58 घंटे, 35 मिनट और 58 सेकेंड तक चुंबन करके दुनिया को हैरान कर दिया था। इसके साथ ही ये वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बन गया था। हालांकि, अब दोनों अलग होने वाले हैं, लेकिन एक्काचाई ने अपनी साझा उपलब्धि पर गर्व जाहिर किया है। उन्होंने इसे जीवन में एक बार होने वाले अनुभव के रूप में याद किया है। इस थाई कपल ने 2011 में 46 घंटे 24 मिनट तक चुंबन करने का रिकॉर्ड बनाया था। फिर अपने ही रिकॉर्ड को कपल ने 2013 में तोड़ कर नया रिकॉर्ड बना दिया था। इस कपल का रिकॉर्ड अभी तक अजेय बना हुआ है। दरअसल, गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सुरक्षा चिंताओं के कारण सबसे लंबे चुंबन की श्रेणी को खत्म कर दिया है। जब इस कपल ने रिकॉर्ड बनाया था तो उस वक्त कई कपल्स ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। लेकिन अंत में एक्काचाई और लक्साना ने जीत हासिल की थी।

### क्यों हुए अलग?

इस कपल ने एक संदेश में साझा किया कि वो एक साथ अपनी यात्रा को संजोते रहे हैं, लेकिन समय के साथ वो धीरे-धीरे अलग हो गए। इस कपल ने कहा है कि उनका अलग होना अच्छा है और दोनों की सहमति से ये फैसला लिया गया है। वो लोग अपने बच्चों का सह पालन करना जारी रखेंगे।

## जापान के जंगलों में लगी भीषण आग ने मचाई तबाही, 1 की मौत व सैकड़ों लोग हुए बेघर

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के जंगलों में लगी भीषण आग ने पूर्वोत्तर के एक तटीय शहर में दर्जनों मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने पर मजबूर कर दिया है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, ओफुनाटो में पिछले बुधवार को लगी आग से अब तक लगभग 2,100 हेक्टेयर (5,190 एकड़) जंगल जल चुका है और एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है।



एजेंसी ने बताया कि कम से कम 84 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 1,200 से ज़्यादा लोगों को निकाला गया है। कुछ इलाकों में आग की स्थिति कम हुई है। इससे निपटने के लिए देश भर से 2,000 से ज़्यादा सैनिक और दमकलकर्मी तैनात किए गए हैं। एजेंसी ने बताया कि पिछले बृहस्पतिवार को सड़क पर एक व्यक्ति मृत मिला था तथा अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यह मौत आग से जुड़ी है। ओफुनाटो सहित पूर्वोत्तर क्षेत्रों में 1946 के बाद से इस बार सबसे शुष्क सर्दी रही।

## नहीं रहे गोल्डन आर्म जेम्स हैरिसन, 1,173 बार रक्तदान कर बचा गए 24 लाख नवजातों की जान

**लास एंजिलिस, एजेंसी।** इंसान की एक बांह से लाखों बच्चों की जिंदगी बचाई जा सकती है! यही काम जेम्स हैरिसन ने किया था, जिनके रक्त में मौजूद दुर्लभ एंटीबॉडी ने लाखों नवजातों की जान बचाई। हैरिसन का हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने छह दशकों तक रक्तदान किया और 1,173 बार रक्तदान करके 24 लाख से अधिक नवजातों की जान बचाई। उनके खून में एंटी-डी नामक दुर्लभ एंटीबॉडी होती थी, जो नवजातों को ÷हैमोलेटिक डिजीज ऑफ द फेटस एंड न्यूबॉर्न÷ (एचडीएफएन) से बचाती थी।

### कैसे हुई थी शुरुआत

जेम्स हैरिसन की रक्तदान की यात्रा 14 साल की उम्र में एक सर्जरी के दौरान शुरू हुई थी, जब उन्हें रक्त चढ़ाया गया था। इसके बाद 18 साल की उम्र में उन्होंने पहली बार रक्तदान किया और इसके बाद 81 साल की उम्र तक हर दो हफ्ते में रक्तदान करते रहे। उनका यह योगदान न सिर्फ अद्वितीय था, बल्कि उनके रक्त में मौजूद एंटी-डी एंटीबॉडी ने




लाखों नवजातों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। 1960 के दशक से पहले एंटी-डी उपचार नहीं था, तो एचडीएफएन से ग्रस्त अधिकतर नवजात नहीं बच पाते थे। लेकिन अब वैज्ञानिक जेम्स हैरिसन के रक्त से लैब में एंटी-डी एंटीबॉडी बनाने की कोशिश कर रहे हैं। इसका उद्देश्य यह है कि एंटी-डी एंटीबॉडी का इस्तेमाल करके पूरी दुनिया की गर्भवती महिलाओं के लिए स्थायी और सुलभ इलाज तैयार किया जा सके। हेमोलाइटिक डिजीज ऑफ द फेटस एंड न्यूबॉर्न (एचडीएफएन) एक ऐसी स्थिति होती है, जब गर्भावस्था के दौरान मां की लाल रक्त कोशिकाएं शिशु की रक्त कोशिकाओं से मेल नहीं खातीं। इस स्थिति में मां की रोग प्रतिरोधक प्रणाली शिशु की रक्त कोशिकाओं को खतरे के रूप में पहचानकर उनके खिलाफ एंटीबॉडी बनाना शुरू कर देती है। इससे नवजात को गंभीर एनीमिया, हृदय विफलता या मौत का खतरा हो सकता है। एंटी-डी इंजेक्शन गर्भवती महिलाओं को यह जानलेवा रक्त विकार होने से बचाता है और शिशु को सुरक्षित रखता है।

### साल 2025 को लेकर टाइम ट्रैवलर की बड़ी भविष्यवाणी, आएंगी भयंकर आपदाएं; दुनिया में मची सनसनी

**लंदन, एजेंसी।** दुनिया में कई तरह की भविष्यवाणियां की गई हैं और काफी सालों से ये सिलसिला चलता आ रहा है। बाबा वेंगा और नास्त्रेदमस जैसे कुछ मशहूर भविष्यवाणी करने वाली हस्तियों के बाद अब एक टाइम ट्रैवलर ने साल 2025 को लेकर एक बड़ा दावा किया है, जिसके बाद सनसनी फैल गई है। टाइम ट्रैवलर ने कहा कि आने वाला समय काफी ज्यादा चुनौतिपूर्ण है और दुनिया इसके लिए तैयार नहीं है। उसने कहा है कि वो आगे का समय देखकर आया है और 2025 में कुछ आपदाएं आने वाली है। हालांकि, उसकी इस भविष्यवाणी पर लोगों की मिक्स प्रतिक्रिया सामने आ रही है। खुद को टाइम ट्रैवलर बताने वाले शख्स के दावे के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोग हैरान हैं, तो वहीं कुछ लोग इसका जमकर मजाक भी बना रहे हैं।






**क्या है इसकी भविष्यवाणी? :** इस कथित टाइम ट्रैवलर ने कहा है कि 2025 में दुनिया में भारी उथल-पुथल होने वाली है। हालांकि, उसने ये स्पष्ट नहीं किया है कि आखिर क्या होने वाला है और क्या-क्या बदलाव हो सकते हैं। लेकिन उसका इशारा प्राकृतिक आपदाओं, तकनीकी परिवर्तनों और सामाजिक अस्थिरता की ओर था।

फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर

# नॉकआउट मैच के दबाव से पार पाने उतरेंगे द. अफ्रीका और न्यूजीलैंड



**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाली दक्षिण अफ्रीका टीम का सामना सेमीफाइनल में बुधवार को न्यूजीलैंड से होगा। यह दोनों ही टीमें लगातार अच्छा प्रदर्शन करती हैं, लेकिन बड़े मैचों में दबाव में आ जाती हैं। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में शीर्ष पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंची थी, लेकिन न्यूजीलैंड के ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में भारत से हार मिली थी।

मिचेल सेंटनर की अगुआई में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रहा, जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में ऑस्ट्रेलिया से आगे शीर्ष पर रहा। कागजों पर दोनों टीमें बराबरी की दिख रही है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने क्रमशः 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है, लेकिन उस समय इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था और इसका वह महत्व नहीं था जो अब है। दक्षिण अफ्रीका जहां बड़े टूर्नामेंट के चोकर्स (मुख्य मुकाबलों में हार का सामना करने वाली टीम) के अपने तमगे को हटाना चाहेगा, वहीं न्यूजीलैंड की टीम भी खिताब पर अपना कब्जा जमाने के लिए बेताब होगी। न्यूजीलैंड वनडे विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद खिताब जीतने से चूक गया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम पिछले साल टी20 विश्व कप में सेमीफाइनल की बाधा पार करने में सफल रही थी, लेकिन उसे फाइनल में भारत ने हराया था। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच यह मुकाबला लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

लाहौर की पिच थोड़ी धीमी है, लेकिन दुबई की तुलना में वे उतनी स्पिन नहीं करती है। दोनों टीमों के बीच कोई ज्यादा अंतर नहीं है और ज्यादातर विभागों में बराबरी की स्थिति में हैं। गेंदबाजी में विविधता के कारण दक्षिण अफ्रीका के पास हालांकि मामूली बढ़त दिख रही है। दोनों टीमों के बल्लेबाजी क्रम में पर्याप्त ताकत है और उनके पास बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी हैं।

मैच का परिणाम में स्पिनरों की भूमिका अहम रहने अनुमान है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच मैच में यह देखना भी दिलचस्प होगा कि लाहौर की धीमी पिच को देखते हुए दोनों टीमों के स्पिनर कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह दोनों टीमें चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय सीरीज का हिस्सा थीं और इन दोनों को ही हाल में पाकिस्तान की पिचों पर खेलने का अच्छा अनुभव है। न्यूजीलैंड पिछले महीने पाकिस्तान में दक्षिण अफ्रीका पर जीत दर्ज कर चुकी है जिससे उसका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय सीरीज को अपने नाम किया था। अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे।

लाथम 187 रन के साथ टूर्नामेंट में अब तक न्यूजीलैंड के सबसे सफल बल्लेबाज रहे हैं। केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी करने में सफल रहे। गेंदबाजी में मैट हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर भी कमाल दिखाया और वह आठ विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्हें विलियम ओ रुर्के (छह विकेट) का भी अच्छा साथ मिला है। कप्तान सेंटनर, माइकल ब्रेसवेल, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन के रूप में न्यूजीलैंड के पास अच्छा स्पिन आक्रमण है। दक्षिण अफ्रीका भी शानदार फॉर्म में है। इस टीम ने टूर्नामेंट में अपनी सबसे बेहतरीन टीमों में से एक को मैदान में उतारा है।



## लियोनेल मेसी अर्जेंटीना की प्रारंभिक टीम में शामिल, मार्कोस अकुना बाहर

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** इंटर मियामी के स्टार फॉरवर्ड लियोनेल मेसी को इस महीने उरुग्वे और ब्राजील के खिलाफ होने वाले वर्ल्ड कप क्वालीफायर मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना की 33 सदस्यीय प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है।

अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी सूची में मैनचेस्टर सिटी के युवा मिडफील्डर क्लाउडियो एकेवेरी और बोलोग्ना के स्ट्राइकर सैंटियागो कास्त्रो को भी पहली बार जगह मिली है।

हालांकि, रिवर प्लेट के डिफेंडर मार्कोस अकुना को खराब प्रदर्शन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया है।

अर्जेंटीना की टीम 21 मार्च को मोंटेवीडियो में उरुग्वे और 25 मार्च को ब्यूनस आयर्स में ब्राजील का सामना करेगी। वर्तमान में, अर्जेंटीना 12 मैचों में 25 अंकों के साथ दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि उरुग्वे 20 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

## एएफसी चैंपियंस लीग एलीट, राउंड ऑफ 16ः अल नस्र और एस्तेगलाल के बीच मुकाबला गोलरहित ड्रॉ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेहरान के आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग एलीट राउंड ऑफ 16 के पहले चरण के मुकाबले में एस्तेगलाल और अल नस्र के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। मैच में दोनों टीमों को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम उन्हें भुनाने में सफल नहीं रही। अल नस्र, जो इस मुकाबले में अपने स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना उतरी थी, ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। टीम को सबसे अच्छा मौका 21वें मिनट में मिला, जब जॉन डुरान ने एस्तेगलाल के बॉक्स के अंदर से शॉट लगाया। हालांकि, एस्तेगलाल के गोलकीपर हुसैन हुसैनी ने शानदार बचाव किया, लेकिन गेंद अयमान याह्या के पास गिर गई। याह्या के सामने खाली गोल था, लेकिन रूजबेह चेश्मी ने शानदार गोललाइन क्लीयरेंस कर गोल होने से रोक लिया। दूसरे हाफ में एस्तेगलाल ने आक्रामक खेल दिखाया और 50वें मिनट में उसे गोल करने का सुनहरा मौका मिला। अरमिन सोहराबियन ने बाईं विंग से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिसे रेजाईयान ने बॉक्स के अंदर हेडर के जरिए गोल की ओर मोड़ा। हालांकि, उनकी कोशिश गोलपोस्ट के बेहद करीब से बाहर चली गई। अब दोनों टीमें 10 मार्च को सऊदी अरब के रियाद स्थित अल-अव्वल पार्क में होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

## हिसार की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर पर फ्रॉड की FIR

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा की वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर रही स्वीटी बूरा पर रोहतक में पति ने फ्रॉड का केस दर्ज कराया है। बूरा के पति भारतीय कबड्डी टीम के पूर्व कैप्टन रह चुके हैं। दीपक ने स्वीटी और उनके परिजनों पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी प्रॉपर्टी और कैश हड़पा है। जिसकी शिकायत उन्होंने रोहतक के स्क्कको दी थी। इसके बाद ओल्ड सब्जी मंडी पुलिस को जांच के निर्देश दिए गए थे। हालांकि पुलिस इस मामले में अभी खुलकर कुछ नहीं कह रही है। इससे पहले स्वीटी बूरा ने भी हिसार में दीपक के खिलाफ दहेज की मांग करने और घरेलू हिंसा का केस दर्ज करवा रखा है। स्वीटी का कहना है कि दीपक से शादी में उनके 1 करोड़ रुपए खर्च हुए। दहेज में फॉर्च्यूनर गाड़ी दी गई। इसके बावजूद उनसे मारपीट की गई।

बता दें कि स्वीटी बूरा और दीपक हुड्डा ने जुलाई 2022 में शादी की थी। हालांकि पिछले साल 2024 में विधानसभा चुनाव के दौरान उनके रिश्ते बिगड़ गए। दोनों ही भाजपा से चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन दीपक हुड्डा को महम से टिकट मिल गई। वहीं स्वीटी बूरा का बरवाला से टिकट का दावा भाजपा ने खारिज कर दिया था।

## भारतीय विकेटकीपर ऋषभ पंत को मिल सकता है लॉरियस वर्ल्ड कमबैक अवॉर्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को बड़ा सम्मान दिया जा सकता है। पंत दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने में सफल रहे थे।

पंत को प्रतिष्ठित लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2025 में साल के सर्वश्रेष्ठ कमबैक अवॉर्ड के लिए नामित किए गए हैं। यह पुरस्कार समारोह 21 अप्रैल को मैड्रिड में आयोजित होगा।

पंत दिल्ली से रूड़की जाते वक्त 30 दिसंबर 2022 को कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। शुरुआत में उनका इलाज देहरादून में हुआ था और फिर उन्हें एयरलिफ्ट कर मुंबई लाया गया जहां भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के विशेषज्ञों की निगरानी में उनका इलाज चला। उनके घुटने के तीन लिगामेंट्स की सर्जरी की गई थी। पंत ने बंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैब किया था।

पंत पिछले साल आईपीएल से मैदान पर वापसी करने में सफल रहे थे। उन्होंने आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच से वापसी की थी। पंत इसके बाद टी20 विश्व कप टीम में भी शामिल हुए थे। फिर उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में वापसी की थी।

कार दुर्घटना में घायल होने के बाद वापसी करते हुए अपने पहले ही टेस्ट मैच में पंत ने शतक लगाया था। उनकी शानदार पारी से भारत वो मुकाबला 280 रन से जीतने में सफल रहा था। पंत फिलहाल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का हिस्सा हैं। पंत को हालांकि, अब तक तीनों मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला है और उनकी जगह केएल राहुल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया है।

पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेट के पीछे जिम्मा संभाला था और प्रभावित करने में सफल रहे थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पंत 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल 2025 में हिस्सा लेंगे। पंत इस बार लखनऊ सुपरजाएंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। पंत आईपीएल 2025 के लिए पिछले साल हुई खिलाड़ियों की मेगा नीलामी में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बने थे।

## हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिपः असम ने बिहार को 2-1 से हराया



**पंचकूला, एजेंसी।** ताऊ देवी लाल हॉकी स्टेडियम, पंचकूला में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के डिवीजन बी के तीसरे दिन सोमवार को असम हॉकी ने हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को 2-1 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

मैच की शुरुआत से दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पहला क्वार्टर बिना किसी गोल के समाप्त हुआ, लेकिन हाफ टाइम से ठीक पहले असम हॉकी की कप्तान मुनमुनी दास (29%) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद असम हॉकी ने शानदार रक्षात्मक खेल दिखाते हुए तीसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। मैच के अंतिम क्षणों में रोमांच और बढ़ गया। खुशबू प्रजापति (59) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर असम हॉकी की बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि, अगले ही मिनट में नुसरत खातून ने बिहार की ओर से एकमात्र गोल कर अंतर कम किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस जीत के साथ असम हॉकी ने अंकतालिका में अपना खाता खोल लिया, जबकि हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार को अब भी पहली जीत की तलाश है। इससे पहले रविवार को डिवीजन सी के मैच में हॉकी आंध्र प्रदेश ने पूल बी के खेल में हॉकी जम्मू और कश्मीर के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज की। रेवती थालारी (3', 17') ने अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण दो गोल किए, जबकि हरथी लोमाडा (36') और मदुगुला भवानी (45') ने भी हॉकी आंध्र प्रदेश के लिए गोल किए।

## जोशुआ चेप्टेगी ने 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** युगांडा के दिग्गज धावक जोशुआ चेप्टेगी ने जापान के टोक्यो में आयोजित मैराथन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2025 विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।



दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेप्टेगी ने रविवार को टोक्यो मैराथन में 2 घंटे 5 मिनट 59 सेकंड का समय निकालते हुए नौवां स्थान हासिल किया और विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के लिए निर्धारित 2ः06ः30 के क्वालीफाइंग समय को पार कर लिया। इस रेस में इथियोपिया के टाडेस ताकेले ने पहला स्थान प्राप्त किया। चेप्टेगी ने क्वालीफाई करने पर खुशी जताते हुए कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मैं अपनी दूसरी मैराथन में शीर्ष 10 में जगह बना सका। ट्रैक से मैराथन में आने के बाद से मैं अभी भी सीखने की प्रक्रिया में हूं।

युगांडा के ही एक अन्य धावक, स्टीफन किस्सा, 25वें स्थान पर रहे लेकिन क्वालीफाइंग समय को पार करने में असफल रहे। गौरतलब है कि चेप्टेगी ने पिछले साल 42 किमी मैराथन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 5,000 मीटर और 10,000 मीटर की दौड़ से हटने की घोषणा की थी। उन्होंने 2023 में वालेंसिया मैराथन में अपना डेब्यू किया था, जहां वे 37वें स्थान पर रहे थे।

## बीसीबी निदेशक ने फिल सिमंस को मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का किया समर्थन



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के निदेशक नजमुल आबेदीन फहीम ने फिल सिमंस को बांग्लादेश टीम के मुख्य कोच के रूप में बनाए रखने का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड जल्द ही सिमंस के साथ औपचारिक बातचीत करेगा और उन्हें लंबे समय के लिए इस भूमिका में बनाए रखने की कोशिश करेगा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार,सोमवार को ढाका में हुई बोर्ड बैठक में सिमंस के अनुबंध विस्तार सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

सिमंस को पिछले साल अक्टूबर में अंतरिम कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके चार महीने के कार्यकाल में बांग्लादेश ने केवल एक सीरीज जीती–वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला में 3-0 की जीत। वहीं, चैंपियंस ट्रॉफी में टीम को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, जिससे बांग्लादेश टूर्नामेंट से जल्दी बाहर हो गया। बावजूद इसके, बीसीबी अध्यक्ष फारूक अहमद और निदेशक फहीम दोनों ने सिमंस को समर्थन दिया है। फहीम ने कहा, हमारे मुख्य कोच और वरिष्ठ सहायक कोच का अनुबंध मार्च के मध्य तक था।

हम उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं, इसलिए हम उनके साथ फिर से बातचीत करेंगे। यदि आपसी सहमति नहीं बनती है, तो हमें अन्य विकल्पों पर विचार करना होगा। लेकिन हमें उम्मीद है कि हम उनके साथ समझौते पर पहुंच जाएंगे। हमारा लक्ष्य उनका अनुबंध 2027 विश्व कप तक बढ़ाना है। बीसीबी ने वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सालाउद्दीन के अनुबंध को भी बढ़ाने का फैसला किया है, जिन्हें पिछले नवंबर में अल्पकालिक आधार पर नियुक्त किया गया था।

सिमंस और सालाउद्दीन के बीच अच्छा तालमेल होने के कारण उनके अनुबंध को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, बोर्ड ने स्पिन गेंदबाजी कोच मुश्ताक अहमद के अनुबंध को भी बढ़ाने का निर्णय लिया है। साथ ही, चयनकर्ता हन्नान सरकार के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया गया है।

# फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ से हटाया प्रतिबंध

अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का रास्ता साफ




**नई दिल्ली, एजेंसी।** फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ (पीएफएफ) पर लगे निलंबन को हटा लिया है। यह फैसला पीएफएफ असाधारण कांग्रेस द्वारा सुझाए गए संवैधानिक परिवर्तनों को मंजूरी मिलने के बाद लिया गया। पीएफएफ ने एक आधिकारिक बयान में कहा, +27 फरवरी को पीएफएफ असाधारण कांग्रेस के सफल नतीजे के बाद फीफा ने पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ पर से निलंबन हटा दिया है और उसके पूर्ण सदस्यता अधिकार बहाल कर दिए हैं।

संस्था ने आगे कहा कि वह फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त करता है और पाकिस्तान फुटबॉल समुदाय को बधाई देता है। तीसरी बार लगा था प्रतिबंध फीफा ने 2017 और 2021 में तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के कारण पाकिस्तान पर दो बार प्रतिबंध लगाया था।

2019 में, संगठन ने पीएफएफ के संचालन और चुनावों की निगरानी के लिए एक सामान्यीकरण समिति गठित की थी। हाल ही में, 7 फरवरी 2025 को फीफा ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने वाले संविधान को न अपनाने के कारण पाकिस्तान पर तीसरी बार प्रतिबंध लगाया था। लेकिन अब फीफा द्वारा अनुमोदित संविधान में बदलाव के बाद पीएफएफ को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान की स्थिति पाकिस्तान फुटबॉल टीम का प्रदर्शन बीते वर्षों में निराशाजनक रहा है। टीम 1962 मर्डेका कप और 1997 सैफ चैंपियनशिप में उपविजेता रही थी। हाल ही में, पाकिस्तान ने 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लिया, लेकिन सबसे निचले स्थान पर रहा। उसका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला ताजिकिस्तान के खिलाफ था, जिसमें उसे 0-3 से हार मिली थी। फीफा की ताजा रैंकिंग में पाकिस्तान 198वें स्थान पर है। अब टीम अगले 2027 एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में खेलेगी, जहां उसे सीरिया, म्यांमार और अफगानिस्तान के साथ मुकाबला करना है। पाकिस्तान 25 मार्च को सीरिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

एफएसएसएआई fssai
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

GOOD NEWS
FOR FOOD HAWKERS!

FSSAI REGISTRATION FEE COMPLETELY WAIVED OFF

Wef 28th September 2024

Who are eligible

*Any hawker involved in selling packaged or freshly prepared food by traveling from one location to another (usually on foot or movable carts).*

Key Benefits:

- No registration fees for new Applications and renewal.
- Above Registration valid for 5 years

HOW TO APPLY

- **Visit FoSCoS portal [https://foscos.fssai.gov.in]**
- Apply online under Hawker category (User manual: https://foscos.fssai.gov.in/user-manual)




**For more information:**
Refer FSSAI Order dated 30-09-2024
**Contact the Helpline:**
1800112100, helpdesk-foscos@fssai.gov.in

*Don't Wait*
*Register Today with FSSAI without any fee*

fssaiindia fssai fssai_safefood fssaiindia fssai_india

CBC 17163/11/0014/2425